मंगलवार
05 मार्च 2024

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


सम्राट चौधरी बोले– लालू प्रसाद सबसे बड़े राम विरोधी हैं
2



# सीएम ने जल संरक्षण, ईको टूरिज्म से जुड़ी 108 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात

- मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय डॉल्फिन रिसर्च सेंटर का किया उद्घाटन
- बिहार वानिकी महाविद्यालय एवं शोध संस्थान' के रूप में किया उन्नयन व नामकरण

**केटी न्यूज/पटना**




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार जलवायु सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य विशेषज्ञों, हितधारकों एवं नीति निमार्ताओं को एक साथ लाना एवं बिहार राज्य के लिए जलवायु रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों एवं इससे बचने के उपायों के बारे में विचार-विमर्श करना है। आने वाले वर्षों में राज्य को जलवायु अनुकूल एवं कार्बन न्यूट्रल बनाने की पहल की गई है, इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए बिहार जलवायु सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिहार जलवायु प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और विस्तृत जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय डॉल्फिन रिसर्च सेंटर, पटना का रिमोट के जरिए शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। साथ ही मुंगेर वानिकी महाविद्यालय का 'बिहार वानिकी महाविद्यालय एवं शोध संस्थान' के रूप में उन्नयन एवं नामकरण किया।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाए गए कई महत्वपूर्ण कदम

बिहार एक आपदा प्रवण राज्य है और जलवायु परिवर्तन के कारण विगत कुछ दशकों से बाढ़, सुखाड़, आकाशीय विद्युत जैसी आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति में बढ़ोतरी हुई है। इस पृष्ठभूमि में राज्य सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन शमन एवं अनुकूलन की दिशा में अनेक कदम उठाये गये हैं जिनमें 'जल-जीवन-हरियाली अभियान' एवं जलवायु अनुकूल कृषि कार्य प्रमुख हैं। बिहार, देश का पहला राज्य है जहां जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए जल-जीवन-हरियाली अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

सीएम नीतीश कुमार ने 108 करोड़ 33 लाख रुपये लागत की पार्क, ईको टूरिज्म, भू-जल संरक्षण एवं आधारभूत संरचना विकास की 26 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पूर्णिया और भागलपुर में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों का उद्घाटन तथा 'बिहार की जलवायु अनुकूल एवं न्यून कार्बन प्रारूप' रणनीति का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा लोगों को वायु की गुणवत्ता की जानकारी देने के लिए डैशबोर्ड का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान जलवायु कार्य हेतु बिहार घोषणा पत्र जारी किया गया।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए जल-जीवन-हरियाली अभियान बेहतरीन उदाहरण:** बिहार सरकार की ओर से जानकारी दी गई कि जल-जीवन-हरियाली जागरूकता अभियान के अंतर्गत 19 जनवरी, 2020 को राज्य में 18 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी मानव श्रृंखला बनी जिसमें 5 करोड़ 16 लाख से अधिक लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण के संरक्षण और नशामुक्ति के समर्थन में एवं बाल विवाह और दहेज प्रथा मिटाने के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। पर्यावरण संरक्षण के समर्थन में बनी यह ऐतिहासिक मानव श्रृंखला विश्व में किसी भी मुद्दे पर बनी, अब तक की सबसे लंबी मानव श्रृंखला है। इसके माध्यम से बिहार की जनता ने न सिर्फ देश को बल्कि पूरे विश्व को पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का संदेश दिया है। माइक्रोसॉफ्ट कंपनी, अमेरिका के संस्थापक बिल गेट्स द्वारा जल-जीवन-हरियाली जागरूकता अभियान की सराहना की गई है।

## उत्तर प्रदेश को अलग कर बनाएंगे पूर्वांचल राज्य: ओपी राजभर

**सिकंदरपुर।** लोकसभा चुनावों से पहले सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने अपनी अगली रणनीति का खुलासा किया है। राजभर ने कहा कि वो जल्द उत्तर प्रदेश को अलग कर पूर्वांचल राज्य बनाएंगे और खुद पूर्वांचल राज्य का मुख्यमंत्री बनेंगे। सिकंदरपुर में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा आयोजित वंचित शोषित हक अधिकार रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद पूर्वांचल राज्य का गठन किया जाएगा। उसके बाद आप सबका मुख्यमंत्री होगा और आपकी सरकार बनेगी।

## खबरें फटाफट

### सांसद पैसे लेकर वोट या भाषण देंगे तो चलेगा केस : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वोट के बदले नोट को लेकर बड़ा फैसला लिया है। जिसमें कोर्ट ने साफ तौर पर कहा है कि अब अगर सांसद पैसे लेकर सदन में भाषण या वोट देते हैं, तो उनके खिलाफ केस चलाया जा सकेगा। यानी अब सांसदों को इस मामले में कानूनी छूट नहीं मिल सकेगी। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने बड़ा फैसला सुनाते हुए पिछले फैसले को पटल दिया है। आपको बता दें सुप्रीम कोर्ट ने साल 1998 के नरसिम्हा राव के फैसले को पलटा है। साल 1998 में 5 जजों की संविधान पीठ ने 3:2 के बहुमत से तय किया था कि इस मुद्दे को लेकर जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। जिस सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया। इस फैसले के बाद अब सांसद या विधायक सदन में मतदान के लिए रिश्वत लेकर मुकदमे की कार्रवाई से नहीं बच सकते हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस पीवी संजय कुमार की पीठ ने यह अहम फैसला सुनाया है। फैसले की सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट नहीं दी गई है, क्योंकि रिश्वतखोरी में लिप्त सदस्य एक आपराधिक कृत्य में लिप्त होता है। पीठ ने कहा कि हम पीवी नरसिम्हा मामले में फैसले से असहमत हैं। पीवी नरसिम्हा मामले में फैसले, जो विधायक को वोट देने या भाषण देने के लिए कथित तौर पर रिश्वत लेने से छूट प्रदान करता है, के व्यापक प्रभाव हैं और इसे खारिज कर दिया है।

## तेलंगाना दौरे पर गए प्रधानमंत्री ने लालू प्रसाद को दिया जवाब

# जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका

- प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपए की कई विकास परियोजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया
- बोले- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे विपक्षी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं
- मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं

**एजेंसी/आदिलाबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना दौरे पर हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपये की कई विकास परियोजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'आज आदिलाबाद की धरती तेलंगाना ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए विकास की गवाह बन रही है। आज 30 से ज्यादा विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास का अवसर मुझे यहां मिला है। 56 हजार करोड़ रुपये के ये प्रोजेक्ट तेलंगाना समेत देश के अनेक राज्यों में विकास का नया अध्याय लिखेंगे। उन्होंने मंच से लालू प्रसाद यादव द्वारा परिवार को लेकर किए गए हमले का करारा जवाब दिया। कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे विपक्षी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नही है। कल तो ये कुछ भी कह देंगे। मेरा जीवन खुली किताब है। देशवासी मुझे अच्छे से जानते हैं और समझते हैं। मेरी पल-पल की खबर देश रखता है। मैं देर रात तक काम करता हूं और खबर बाहर निकल जाती है। लोग तब लिखकर बताते हैं कि इतना काम मत करिए कुछ आराम भी करिए।

उन्होंने कहा कि मैंने एक सपना लेकर घर छोड़ा था और जब फैमिली छोड़ी थी तो सोचा था कि मैं देशवासियों के लिए जीवन बिताऊंगा। मेरा पल-पल सिर्फ और सिर्फ आपके (जनता के संदर्भ में) लिए है। मेरा निजी सपना नहीं होगा। लोगों के सपने ही मेरे संकल्प होंगे और आपके सपनों के लिए मैं जिंदगी खपा दूंगा। यही वजह है कि देश के कोटि-कोटि लोग मुझे मानते हैं। वे मुझे परिवार की सदस्य की तरह प्यार करते हैं। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। यह नौजवान, यही मेरा परिवार है। आज देश की करोड़ों बेटियां-माताएं और बहनें, यही मेरा परिवार हैं। आज देश का हर गरीब मेरा परिवार है। आज देश के कोटि-कोटि बुजुर्ग और बच्चे, ये मोदी का परिवार है। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है। लालू प्रसाद यादव ने रविवार को पटना में एक रैली के दौरान पीएम मोदी पर परिवारवाद के मुद्दे पर निशाना साधा था।



### भाजपा नेताओं ने एक्स पर अपने बायो में लिखा मोदी का परिवार

पटना में रैली को संबोधित करते हुए राजद प्रमुख लालू यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निजी हमला किया था। उन्होंने कहा था कि, 'मोदी क्या है? मोदी के पास तो परिवार ही नहीं है।' लालू यादव के इस बयान के बाद राजनीति गर्मा गई। अब भाजपा के बड़े नेताओं ने इसका जवाब देना शुरू कर दिया है। भाजपा नेताओं ने इसके लिए एक अलग तरीका अपनाया है। सभी नेताओं ने अपने बायो में 'मोदी का परिवार' लिखना शुरू कर दिया है।

### विकास के अभियान को अगले पांच वर्षों में तेजी से बढ़ाएंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने तेलंगाना के विकास के लिए कहीं ज्यादा राशि खर्च की है। हमारे लिए विकास का मतलब है- गरीब से गरीब का विकास, दलित, वंचित, आदिवासियों का विकास। हमारे इन प्रयासों का परिणाम है कि आज 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं, ये हमारी गरीब कल्याण योजनाओं की वजह से मुमकिन हुआ है। विकास के इस अभियान को अगले 5 वर्षों में और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा तेलंगाना का गठन हुए 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार कोशिश कर रही है कि राज्य के लोगों की आकांक्षाओं और उम्मीदों को पूरा किया जाए। हमने एनटीपीसी की 800 मेगावाट की क्षमता वाली यूनिट का उद्घाटन किया है, जिससे तेलंगाना में ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा। राज्य में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्गों का भी उद्घाटन किया गया है, इन से तेलंगाना के विकास को गति मिलेगी। इससे न सिर्फ बसों में सफर का समय घटेगा बल्कि इससे राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में भी तेजी आएगी।

# साजिश रच पति हेमंत सोरेन को जेल भेजना भाजपा की सबसे बड़ी गलती: कल्पना सोरेन

**एजेंसी/गिरिडीह**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सोमवार को गिरिडीह में आयोजित जेएमएम के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होकर सक्रिय राजनीति की शुरूआत की। समारोह को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा। जनता को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन इमोशनल हो गईं। इस दौरान कल्पना सोरेन की आंखो से आंसू फूट पड़े। कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य के सीएम हेमंत सोरेन की गलती क्या थी। जब महामारी में सीएम हेमंत ने प्रवासी मजदूरों को देश के कई कोने से राज्य वापसी कराया। साजिश रचने वाली भाजपा उस वक्त खामोश थी। उन्होंने कहा कि हेमंत बाबू को जेल भेजना भाजपा के लिए लिए बड़ी गलती साबित होगी, क्योंकि हेमंत सोरेन ने सीएम रहते हुए साथ ही एक झारखंडी होते हुए राज्यहित में काम किया। स्थापना दिवस समारोह में हजारों की संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता और समर्थको की भीड़ जिले भर से जुटी थी।



### भाजपा ने मूलवासी अस्तित्व को मिटाने का प्रयास किया है

वहीं समारोह को संबोधित करते हुए सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के लिए 27 फीसदी आरक्षण लाने का काम हेमंत सरकार ने किया था। सीएम ने कहा कि सरना धर्म कोड को कभी भाजपा लागू नहीं करने वाली। इस मौके पर सीएम ने 1932 के खतियान का जिक्र करते हुए कहा कि जो 1932 का होगा, वही मूलवासी होगा। हेमंत सोरेन को जेल भेज कर भाजपा ने राज्य के मूलवासी अस्तित्व को मिटाने का प्रयास किया है।




## पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# एआई की मदद से पूरे प्रदेश में हो पर्यटकों की गिनती: योगी

- सीएम योगी ने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास
- ब्रज के शिल्पी : सफलता की कहानियां' और 'हैंड क्राफ्टेड प्रॉस्पेरिटी' नामक दो पुस्तिकाओं का सीएम ने किया विमोचन

**केटी न्यूज/लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बताते हुए खुशी जाहिर की है कि यूपी में आज प्रदेश की आबादी से दोगुनी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। सीएम योगी सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से जुड़ी सभी योजनाओं के लिए प्रदेश की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश के सभी 75 जनपदों में और सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में किसी न किसी पर्यटन स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए प्रो पुअर योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना एवं जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर आधारित योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण एक साथ हो रहा है।

### सरकार द्वारा लिये गये फैसले का यूपी को मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी को नया यूपी देखने को मिल रहा है। पर्यटन के दृष्टिकोंण से हम केवल स्थल विशेष का विकास नहीं करा रहे, बल्कि इसके माध्यम से वहां के समग्र विकास, ईको सिस्टम और इम्पलायमेंट को गति देने का कार्य भी कर रहे हैं। सरकार की नियत साफ हो और गति में तीव्रता हो तो उसके परिणाम भी देखने को मिलते हैं। प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति ने जहां यूपी के परसेप्शन को बदला है। वहीं सरकार द्वारा लिये गये फैसले का लाभ यूपी को प्राप्त हो रहा है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में अयोध्या धाम, नैमिष में नैमिष तीर्थ आज पुनर्जीवित हो गया है। विंध्यवासिनी कॉरीडोर नये रूप में है। बृजभूमि फिर से दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। प्रयागराज का कुंभ, चित्रकूट, शुकतीर्थ, बौद्ध, सूफी, भक्ति और शक्ति के केंद्र के साथ ही हेरिटेज और ईको टूरिज्म को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने का परिणाम है कि जिस यूपी में पहले कोई आना नहीं चाहता था, आज प्रदेश की आबादी से दोगुने टूरिस्ट यहां आ रहे हैं।

**आज पूरी दुनिया यूपी को देखना चाहती है :** मुख्यमंत्री ने काशी, अयोध्या, मथुरा, प्रयाग, गोरखपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि आज सभी जगह होटल बुक हैं, टैक्सियां बुक हैं, मार्केट कई गुना बढ़ चुके हैं, रेस्टुरेंट में तिल रखने की जगह नहीं मिल रही है है। आज पूरी दुनिया यूपी को देखना चाहती है। यूपी अब उपद्रव नहीं उत्सव की भूमि बन चुका है। जिस यूपी के बारे में कहा जाता था कि यहां अराजकता है, इसे डबल इंजन सरकार ने आस्था और आजीविका में बदल दिया है। यूपी को देश के विकास का ब्रेकर कहा जाता था वह आज ब्रेक थ्रू राज्य बन चुका है। यूपी आज बीमारू नहीं बल्कि रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। सबसे ज्यादा निवेश यहां आ रहा है। इसमें भी सर्विस सेक्टर की बड़ी भूमिका है। अच्छे होटल, अच्छे रेस्टोरेंट आ रहे हैं।

राजद सुप्रीमो के पीएम मोदी पर किए हमले के बाद गुस्से में भाजपा, सम्राट चौधरी बोले...

# लालू प्रसाद सबसे बड़े राम विरोधी हैं

- डिप्टी सीएम बोले- लालू यादव ने न केवल भगवान राम का विरोध किया, बल्कि उन्होंने मंदिर बनाने के विरोध में भी बयान दिया
- राजद भगवान राम का अपमान करती आई है

केटी न्यूज/पटना

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के रविवार को दिए भाषण के बाद बीजेपी गुस्से में है। इसका नजारा उस वक्त देखने को मिला जब बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से भगवान राम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर सवाल पूछा गया। सम्राट चौधरी ने लालू प्रसाद यादव को उनके जनविश्वास यात्रा में दिए गए भाषण का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव सबसे बड़े राम विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने न केवल भगवान राम का विरोध किया, बल्कि उन्होंने मंदिर बनाने के विरोध में भी बयान दिया। सम्राट चौधरी ने यह भी कहा कि लालू की पार्टी राजद भगवान राम का अपमान करती आई है। सम्राट चौधरी ने कहा कि मंच पर जितने भी लोग मौजूद थे, उन सभी ने भगवान राम के अस्तित्व को नकारा है। लालू प्रसाद यादव से बड़ा राम विरोधी कोई नहीं हो सकता है।



## बीजेपी का एक-एक कार्यकर्ता मोदी का परिवार

सम्राट चौधरी ने लालू प्रसाद यादव के उस बयान पर भी नाराजगी जाहिर की, जिसमें लालू यादव ने कहा था कि मोदी का परिवार नहीं। सम्राट चौधरी ने गुस्से भरे लफ्जों में कहा, 'बीजेपी का एक-एक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परिवार है।' लालू यादव के जन विश्वास रैली में दिए गए बयान का नतीजा यह है कि भाजपा के तमाम बड़े नेताओं ने अपने प्रोफाइल का नाम बदल लिया है। उन्होंने अपने अकाउंट पर अपने नाम के साथ 'मोदी का परिवार' लिख दिया है। सम्राट चौधरी ने भी अपने प्रोफाइल का नाम बदलते हुए नाम के साथ 'मोदी का परिवार' लिखा है।



## जिस सीट से लालू बोलेंगे वहां से लड़ूंगा चुनाव

सम्राट चौधरी ने कहा कि रानी के पेट से राजा पैदा नहीं होता। लालू प्रसाद यादव रानी के पेट से राजा पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने लालू यादव को चेतावनी भरे लफ्जों में यह भी कहा कि जिस सीट से वह कहेंगे, मैं चुनाव लड़ने को तैयार हूं। सम्राट चौधरी ने लालू प्रसाद यादव को चुनौती देते हुए कहा 'यह लोग गलतफहमी में हैं। इनका पूरा परिवार पिछली बार जब चुनाव हार गया था, तब सम्राट चौधरी जीत कर आया था। सम्राट चौधरी की नाराजगी राजद नेता के उस बयान पर थी, जिसमें भाषण के दौरान तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद यादव ने सम्राट चौधरी को आड़े हाथ लेते हुए कहा था कि पांच बार दल बदलने वाले लोग डिप्टी सीएम बने हुए हैं।

## भाजपा और जदयू ने लालू की बेल कैंसिल की मांग की

**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव जन विश्वास महा रैली में पीएम मोदी पर खूब बरसे थे। अब बीजेपी ने आरजेडी सुप्रीमो पर हमला करते हुए बेल कैंसिल करने की मांग की है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट लालू के बयान पर सज्ञान ले। अजय आलोक ने कहा कि लालू यादव चारा घोटाला में सजायाफ्ता हैं। हेल्थ ग्राउंड पर बेल पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने लालू को शर्त के साथ जमानत दी थी यह कहते हुए कि आप कोई रैली में भाग नहीं लेंगे। राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहेंगे। मीडिया में बयानबाजी नहीं करेंगे, लेकिन लालू सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं। यह सुप्रीम कोर्ट की अवमानना है। अजय आलोक ने कहा कि रैली में लालू ने पीएम मोदी को कहा था कि वह हिंदू नहीं हैं। पीएम को हिंदू नहीं होने का सर्टिफिकेट देने वाले लालू कौन होते हैं? पीएम ने पूरे विश्व में हिंदू जागृति का संदेश फैलाया है। मंच पर लालू को राहुल गांधी नहीं दिखे क्या? यह नहीं उनको दिखा कि राहुल गांधी की मां ईसाई हैं और पिता पारसी थे? वहीं दूसरी ओर जेडीयू ने भी हमला किया है। जेडीयू के राष्ट्रीय सचिव राजीव रंजन ने कहा है कि जिन शर्तों पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से लालू को जमानत दी थी उसको वह नहीं मान रहे हैं।

# भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

केटी न्यूज/आरा



भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की । जेपी नड्डा के आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल के वर्तमान प्रभारी मंगल पाण्डेय भी मौजूद थे। दरअसल, भाजपा ने 2 मार्च को लोकसभा चुनाव के लिए अपने जिन 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी, उसमें पार्टी ने पवन सिंह को पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। लेकिन पवन सिंह ने उम्मीदवार बनाने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए चुनाव लड़ने में अपनी असमर्थता जता दी थी। इसके बाद जेपी नड्डा ने पवन सिंह को बातचीत करने के लिए दिल्ली बुलाया था।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद पवन सिंह ने कहा कि उन्होंने अपनी बात जेपी नड्डा के सामने रख दी है। क्या वह किसी और सीट से चुनाव लड़ेंगे, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि थोड़ा होल्ड रखिए, आगे जो भी होगा अच्छा ही होगा और जब भी होगा वो लोगों से इसे शेयर भी करेंगे। बंगाल पर उनके द्वारा गाए गए गाने पर विवाद खड़ा किए जाने पर उन्होंने कहा कि यह सब समय-समय की बात है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद पवन सिंह ने कहा कि उन्होंने अपनी बात जेपी नड्डा के सामने रख दी है। क्या वह किसी और सीट से चुनाव लड़ेंगे, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि थोड़ा होल्ड रखिए, आगे जो भी होगा अच्छा ही होगा और जब भी होगा वो लोगों से इसे शेयर भी करेंगे। बंगाल पर उनके द्वारा गाए गए गाने पर विवाद खड़ा किए जाने पर उन्होंने कहा कि यह सब समय-समय की बात है।

दरअसल, भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के लोकप्रिय चेहरा मनोज तिवारी, रवि किशन और दिनेश लाल यादव (निरहुआ) पहले से बीजेपी के सांसद हैं। पावर स्टार कहे जाने वाले पवन सिंह बीजेपी से टिकट के लिए काफी लॉबिंग कर रहे थे।




## भोजपुर में सड़क हादसे में सारण के मैट्रिक के छात्र की मौत

**आरा।** आरा-पटना फोरलेन पर कोईलवर पुल पर सोमवार की शाम एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार सारण के मैट्रिक के एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसकी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। मृत छात्र सारण (छपरा) जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी जय कुमार का 16 वर्षीय पुत्र अभय कुमार था। उसने इसी साल मैट्रिक का परीक्षा दिया था। जख्मी उसकी मां 45 वर्षीय सीता देवी है। उनके गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है। इधर, हादसे के चालक पिकअप छोड़ कर भाग निकला। छात्र के पिता जय कुमार ने बताया कि उनकी गाय बच्चा नहीं दे रही थी। उसे लेकर उनकी पत्नी सीता देवी द्वारा मनेर के सूअरमरवा गांव स्थित गगन बाबा पर दूध चढ़ाने की मन्नत मांगी थी। उसी के सिलसिले में सोमवार की दोपहर वह अपने बेटे अभय कुमार के साथ बाइक से सूअरमरवा गांव स्थित गगन बाबा के मंदिर दूध और पेड़ा चढ़ाने गयी थी। शाम में मां-बेटा बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। उसी दौरान कोईलवर पुल पर पिकअप ने बाइक को रौंद दिया। उसमें उनके बेटे अभय की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सीता देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी पत्नी की हालत देख पटना रेफर कर दिया गया।

## समस्तीपुर व झारखंड के दो युवकों की ट्रेन से गिरकर मौत

**आरा।** भोजपुर में दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर अलग-अलग जगहों पर रविवार की रात ट्रेन से गिरने से समस्तीपुर और झारखंड के दो युवकों की मौत हो गई। पहली घटना बिहिया और बनाही के बीच जबकि दूसरी अमर शहीद हाल्ट के पास हुई। मृतकों में समस्तीपुर के दलसिंहसराय थाने के चकबहाउद्दीन वार्ड नंबर दो निवासी मो.मेराज का 30 वर्षीय पुत्र मुमताज हबीब शेख और झारखंड के गुमला जिले के घाघर थाना क्षेत्र के कोटी माटी गांव निवासी शंकर महली का 22 वर्षीय पुत्र बजरंग महली शामिल हैं। इनमें बजरंग महली बिहिया के ओसाई गांव स्थित अमर ईंट-भट्ठा पर मजदूरी करता था, जबकि मुमताज हबीब शेख मुंबई स्थित किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता था। रेल पुलिस द्वारा दोनों शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार मुमताज हबीब शेख शनिवार को मुंबई से ट्रेन से अपने गांव समस्तीपुर लौट रहा था। इसी बीच यह घटना हो गई। उसके बाद उसके पॉकेट से मिले आधार कार्ड से पहचान की गयी।

# तेज रफ्तार कार पुलिया की रेलिंग से टकराई टीवी पत्रकार के माता-पिता और पत्नी की मौत

केटी न्यूज/पटना

बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक टीवी पत्रकार के मां-पिता व पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पत्रकार एवं चालक जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। घटना सोमवार की सुबह हुई जब सभी फ्लाइट पकड़ने पटना जा रहे थे। सड़क हादसे में एक टीवी पत्रकार के मां-पिता व पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बैरिया देवी माई स्थान के पास सड़क पर बने पुल के डिवाईडर से टकरा गई।



मृतकों की पहचान रक्सौल वार्ड नंबर 11 निवासी गणेश अपने पिता श्रवण मस्करा (70), मां प्रेमा (65), और पत्नी अंजु के रूप में हुई है। बताया जाता है कि गणेश के माता पिता को पटना से फ्लाइट पकड़नी थी। पटना जाने के दौरान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बैरिया माई स्थान के पास इनोवा अनियंत्रित होकर पुलिया के रेलिंग से टकरा गई।

इस दुर्घटना में गणेश के पिता, उनकी मां और पत्नी की मौत घटनास्थल पर हो गई, जबकि आगे की सीट पर बैठे गणेश शंकर जख्मी हो गए। चालक फरार बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मी गणेश शंकर को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। गणेश शंकर रक्सौल में पत्रकार हैं और एक निजी समाचार चैनल के लिए काम करते हैं। उनकी शादी पिछले वर्ष 22 अप्रैल को राजस्थान में अंजू मस्करा के साथ हुई थी। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## लालू और तेजस्वी के खिलाफ भाजपा ने की लिखित शिकायत

**पटना।** महागठबंधन की महारैली के बाद राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भाजपा ने दोनों नेताओं के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। आरोप लगाया है कि पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी की। इस मामले को गंभीरता से लें और उचित कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है।









# सुप्रीम कोर्ट के जज ने बक्सर-डुमरांव के मंदिरों में टेका मत्था

- बक्सर के भूमि से जुड़ा है लगाव, प्रशासनिक अधिकारियों ने की आगवानी
- डुमरांव के नगर देवी मां डुमरेजनी, त्रिपुर सुंदरी मां भगवती और जंगलीनाथ महादेव मंदिर में पहुंचे न्यायाधीश

केटी न्यूज/ डुमरांव

भगवान राम की शिक्षा भूमि और महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि बक्सर को नमन करने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय करोल सोमवार को तीसरी बार पहुंचे और बक्सर-डुमरांव के मंदिरों में मत्था टेक मंगल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी आगवानी की। अपने व्यक्तिगत यात्रा पर डुमरांव पहुंचे न्यायाधीश ने नगर देवी मां डुमरेजनी, त्रिपुर सुंदरी मां भगवती और जंगलीनाथ महादेव मंदिर के अलावे ब्रह्मपुर धाम के बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ धाम में पहुंच कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की। उसके बाद मंदिरों के कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए इनके इतिहासों की जानकारी ली। न्यायाधीश प्रशासनिक विधि-व्यवस्था के साथ बक्सर पहुंचे और यहां की मिट्टी को नमन करने के बाद गंगा तट पर अवस्थित मां मंगला भवानी मंदिर और नाथ बाबा मंदिर



का दर्शन कर पूजन किया। इस दौरान प्रशासनिक महकमे में अफरा-तफरी मची रही। चौक-चौराहों पर पुलिस बल के जवानों की तैनाती थी तो वहीं ट्रैफिक व्यवस्था भी पूरी तरह बदली थी। न्यायाधीश के साथ अनुमंडल पदाधिकारी कुमार पंकज, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, थानाध्यक्ष अनीशा राणा के साथ पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

**मुख्य न्यायाधीश के रूप में आये थे डुमरांव:** पूर्व में माननीय पटना हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में जब संजय करोल पदस्थापित थे। तब उन्होंने वर्ष 2021 के 5 सितंबर और 25 दिसंबर को अपने परिजनों के साथ डुमरांव पहुंचे और कई मंदिरों में पहुंच कर देवी-देवताओं के स्वरूपों का दर्शन किया। बेहद साधारण स्तर पर पूजा अर्चना की थी। उन दिनों स्थानीय वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान दिया गया था। बताया जाता है कि कोरोना काल से उबरने के बाद न्यायाधीश का आध्यात्मिक लगाव बढ़ा और इसी दौरान डुमरांव और बक्सर के वर्णित मंदिरों के दर्शन करने का भाव जागृत हुआ।

**भारतीय परिधान में नजर आये न्यायाधीश:** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल भारतीय संस्कृति से जुड़े स्वदेशी वस्त्रों में नजर आये। हालांकि जब वह पूर्व में भी डुमरांव व बक्सर के मंदिरों में पूजा-अर्चना की थी। तब भी बेहद सादगी पूर्ण तरीके से आये थे। उन्होंने कोई सभी सुरक्षा व्यवस्था या प्रशासन का सहयोग नहीं किया था। इस बार भी धोती-कुर्ते के साथ हाफ जैकेट और कंधे पर गमछे के साथ नजर आये। स्वदेशी खादी के लिबास में लिपटे न्यायाधीश को देख सबों ने इसकी काफी सराहना की। इस बार भी सादगी पूर्ण उनका कार्यक्रम रहा। ऊंचे ओहदे पर पहुंचने के बाद भी न्यायाधीश के मन मे स्वदेशी वस्त्रों के प्रति प्रेम भारतीय संस्कृति का पहचान बना रहा।

## खबरें फटाफट

### भाजपा ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

**डुमरांव।** डुमरांव नगर इकाई के भाजपा कार्यकर्ता सोमवार को नगर के जीवित लाभार्थियों के घर-घर दस्तक दे उन्हें मोदी की गारंटी तथा प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी। नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता कई वार्डों में जाकर जीवित लाभार्थियों से मुलकात किए। इस दौरान उन्हें भाजपा द्वारा जारी किए गए पत्रक, कार्ड आदि का वितरण किया गया तथा लाभुकों को बताया गया कि केन्द्र सरकार उनके लिए कौन कौन से लाभकारी योजनाएं चला रही है। लाभार्थी जन सम्पर्क अभियान का नेतृत्व कर रहे नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा ने लाभार्थियों को पीएम मोदी द्वारा जनहित में उठाये गए कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आधी आबादी के साथ ही सभी वर्गों के लोग पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के कार्यों से काफी खुश है तथा पुनः प्रधानमंत्री मोदी ही बनेंगे और इस बार 400 के पार कर इतिहास रचेंगे। पिंकी पाठक ने लाभार्थियों को प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं महिला बिल, तीन तलाक समेत कई अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

## मजदूरों का आरोप- एनजीओ कर रहा है मजदूरी में कटौती

# बकाये मानदेय व उचित मजदूरी की मांग पर अड़े बक्सर नगर परिषद के मजदूर

- नप के मुख्य गेट में ताला जड़ धरने पर बैठ गए थे मजदूर, एनजीओ पर उचित मजदूरी नहीं देने का लगा रहे थे आरोप
- एनजीओ इन्हें वस्त्र, जूता, ग्लब्स सहित आवश्यक संसाधन तक नहीं दे रहा

केटी न्यूज/बक्सर

सोमवार को बक्सर नगर परिषद के मजदूरों ने अचानक हड़ताल कर दिया। सुबह में ही अपने बकाए मजदूरी तथा वास्तविक मजदूरी देने की मांग पर दर्जनों मजदूर काम का बहिष्कार कर नगर परिषद के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए। मजदूरों का कहना था कि एनजीओ उनकी हकमारी कर रहा है। पूरा काम करने के बावजूद उचित मजदूरी नहीं दे रहा है। वही बकाए मजदूरी का भुगतान भी नहीं कर रहा है। जिससे उनके परिवार के दो वक्त के रोटी का जुगाड़ मुश्किल से हो रहा है। मजदूरों ने चेतावनी दिया कि यदि दस दिनों के अंदर उनकी समस्याओं का



समाधान नहीं हुआ तथा उचित मजदूरी व बकाए मानदेय का भुगतान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। मजदूरों के इस हड़ताल का नेतृत्व मजदूर संघ के उपाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद बृजकिशोर उपाध्याय उर्फ. मोहन उपाध्याय कर रहे थे। नप कार्यालय के मुख्य गेट जाम कर सफाईकर्मियों ने जमकर प्रदर्शन किया और नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी का विरोध करते हुए अपनी मांगो को लेकर जमकर नारेबाजी किया। अपने संबोधन में बृजकिशोर उपाध्याय ने कहा कि एनजीओ द्वारा मजदूरों को निर्धारित मजदूरी नहीं दिया जा रहा है। वही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा की मजदूरों की इस समस्या पर दस दिनों में समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। जिसकी सारी जिम्मेवारी नगर परिषद प्रशासन की होगी।

**मजदूरी में एनजीओ कर रहा है कटौती:** बता दें कि नगर परिषद प्रशासन ने एक अप्रैल 2022 से नए मजदूरों को 350 रूपए और पुराने मजदूरों को 447 रूपए दैनिक मजदूरी निर्धारित किया है। लेकिन, सफाई एनजीओ क्रमशः 304 और 400 रूपए ही दैनिक मजदूरी दे रहा है। जिससे मजदूरों में पिछले कई दिनों से असंतोष था। मजदूरों ने इसकी शिकायत भी नगर परिषद प्रशासन से की थी। लेकिन, नप मजदूरों की शिकायत पर उदासीन बना रहा। जिस कारण सोमवार को मजदूरों के सब्र का बांध जबाव दें दिया और मजदूरों ने काम ठप कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मजदूरों का आरोप था कि मजदूरी में कटौती के साथ ही एनजीओ इन्हें वस्त्र, जूता, ग्लब्स सहित आवश्यक संसाधन तक नहीं दे रहा है।

**मजदूरों को नहीं पता, कहां जमा होता है पीएफ:** मजदूरों की मानें तो पीएफ की राशि से सम्बंधित कोई भी दस्तावेज नहीं दिया जाता है। पीएफ कहां जमा होता है, किसी मजदूर को पता नहीं है जबकि उनकी मजदूरी से हर महीने भविष्य निधि काटा जाता हैं। मजदूरों ने बताया कि उन्हें पूर्व के बकाए 120 दिन की मजदूरी अभी तक नहीं दी गई है। संविदा पर बहाली पुराने मजदूरों को होना चाहिए। सभी मजदूरों को परिचय पत्र मिलना चाहिए नगर विकास एवं आवास विभाग पटना के द्वारा पत्र जारी किया गया है। वही उन्होंने कहा की दैनिक मजदूरों की उपस्थिति पंजी सभी वर्गों में रखा जाय। पूर्व में इसकी सूचना नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, एसडीओ, श्रम अधीक्षक, लोक शिकायत पदाधिकारी को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है। फिर भी आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इस दौरान मुकेश, सागर, राजेश कुमार, राजेश राउत, प्रमोद कुमार, पूनम देवी, सोनी देवी, कपिल, मनु, जियूत, सुरेश समेत सैकड़ो सफाईकर्मी शामिल रहे।

**ठप रही सफाई व्यवस्था:** मजदूरों के हड़ताल पर चले जाने से शहर की सफाई व्यवस्था ठप हो गई थी। शहर के कई इलाकों में कूड़ा कचरा पसर गया था। पूरे दिन कचरे का उठाव नहीं होने से लोगों दुर्गंध का सामना भी करना पड़ा। कचरे का उठाव नहीं होने से शहर के कई सड़को व नुक्कड़ो पर कचरे का अंबार लगा रहा। जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई घरों के सामने कचरा दिखाई दिया। उसे कोई नहीं उठा रहा था।

# हाईवे पर गलत दिशा में दौड़ रहे वाहन, नहीं हो रहा यातायात नियमों का पालन

केटी न्यूज/डुमरांव

गलत दिशा में दौड़ते वाहन मौत को न्योता देता है। नेशनल हाईवे व शहर में कई ऐसी जगह है, जहां से लोग जल्दी के चक्कर में तेजी से दुपहिया वाहन को दौड़ाते हुए निकालते हैं तो कुछ बड़े वाहन के चालक भी जिंदगी को दांव पर लगाते हैं। शहर के मार्गो पर कई वाहन चालक अभी तक हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने की आदत नहीं डाल पाएं। बिना हेलमेट के चलने वाले दुपहिया वाहन चालकों पर पुलिस की नजर रहती है, लेकिन बिना सीट बेल्ट के कार चलाने वालों को नहीं टोका जाता। यातायात नियमों के पालन नहीं करने वाले दुपहिया वाहन चालकों पर नकेल



कसने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी रहता है। बावजूद इसके वाहन चालक नियमों के पालन का अनुशासन अपने अंदर नहीं डाल पा रहे हैं। नेशनल हाईवे 922 पर कई जगह वाहन चालक जान हथेली पर रखते हुए गलत दिशा में वाहन चलाते हैं ताकि उन्हें लंबा चक्कर काटकर नहीं आना पड़े। हाईवे पर काफी-काफी दूरी पर सड़क के दूसरी ओर आने के लिए कट हैं। इन वाहन चालकों पर रोक-टोक करने वाले कोई नजर नहीं आता। शहर के अंदर कार चलाने वालों को सीट बेल्ट लगाने की आदत नहीं है तो यही स्थिति बहुतेरे दुपहिया वाहन चालकों की भी है, जो बिना हेलमेट के चलते हैं।

# लोस चुनाव में 95 लाख खर्च की सीमा तय

केटी न्यूज/बक्सर

आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर अपर समाहर्ता तथा अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण कोषांग बक्सर द्वारा उड़नदस्ता दल एवं स्टैटिक निगरानी दल का एक दिवसीय प्रशिक्षण समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में किया गया। प्रशिक्षण में राज्य कर संयुक्त आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में लोक सभा आम चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी अधिकतम 95 लाख रुपए तक खर्च कर सकते है। चुनाव आयोग ने यह राशि निर्धारित की है। अपर समाहर्ता ने बताया कि बक्सर जिले में चार विधान सभा बक्सर, ब्रह्मपुर, डुमराँव एवं राजपुर है। इसमें से दो विधान सभा बक्सर एवं ब्रह्मपुर व्यय संवेदनशील विधान सभा है। जहां चुनाव के दौरान विशेष



निगरानी रखना है। लोक सभा आम निर्वाचन में नगद राशि, शराब, मादक पदार्थों, अवैध आग्नेयास्त्र, आदि के परिवहन को रोकने की महत्वपूर्ण भूमिका उडनदस्ता दल एवं स्टैटिक निगरानी दल को दी गई है। अपर समाहर्ता ने बताया कि 50 हजार से अधिक राशि के साक्ष्य रहित परिवहन करते हुए कोई वाहन अथवा संदिग्ध वाहन एवं दस हजार से अधिक के पोस्टर, बैनर, गिफ्ट आदि सामान के बिल कागजात के परिवहन को उडनदस्ता दल एवं स्टैटिक निगरानी दल के द्वारा इंटरसेप्ट करते हुए उसकी सूचना मोबाईल से दी जानी है। जिला में उडनदस्ता दल के कुल 17 एवं स्टैटिक निगरानी दल के कुल 12 टीम बनाई गई है। प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, राज्य कर उपायुक्त एवं राज्य कर सहायक आयुक्त उपस्थित थे।

## बक्सर जिले में एचआईवी-एड्स उन्मूलन की दिशा में लगातार चल रहा है प्रयास

# एचआईवी संक्रमण रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी : सिविल सर्जन

- 12 फरवरी से लेकर दो मार्च तक जिले के विभिन्न इलाकों में लगाए गए मोबाइल आईसीटीसी कैंप
- बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने संचालित विशेष शिविर में छह नए संक्रमित मरीजों की पुष्टि

केटी न्यूज/बक्सर

जिले में एचआईवी-एड्स उन्मूलन की दिशा में लगातार प्रयास चल रहा है। एड्स नामक इस भयानक बीमारी ने जिला समेत पूरे राज्य की एक बड़ी आबादी को अपने प्रभाव में जकड़ रखा है। एचआईवी से संबंधित मामलों को पूर्ण रूप से खत्म किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं एवं पिछले कुछ वर्षों में राज्य स्वास्थ्य समिति ने इस प्रयास में अंशतः सफलता भी पाई है। लेकिन, इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए अभी भी काफी प्रयास किए जाने हैं। जिसमें जिले के लोगों का भी सहयोग चाहिए। सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि एचआईवी संक्रमण को रोकने का एकमात्र तरीका है लोगों को इस बारे में जागरूक किया जाए। लोगों को इसकी उत्पत्ति एवं प्रसार के बारे में बताया जाए ताकि लोग इस महामारी



के दुष्प्रभाव से बच सकें। इसी बात को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसका उद्देश्य जन-जन तक एचआईवी/एड्स एवं इसके रोकथाम से संबंधित सभी सूचनाएं एवं जानकारियां पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि जिले में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के द्वारा 12 फरवरी से मोबाइल आईसीटीसी कैंप लगाया गया।

**पिछले एक साल में कुल 102 मरीजों की पुष्टि हुई:** डीआईएस शिव कृपाल दास ने बताया कि जिले में पिछले एक साल में कुल 102 मरीजों की पुष्टि हुई है। अप्रैल 2023 से लेकर फरवरी 2024 तक सदर अस्पातल में स्थित आईसीटीसी केंद्र में कुल 5468 लोगों की जांच की गई। जिनमें कुल 87 लोगों में एचआईवी के संक्रमण पाए गए। वहीं, इस अवधि में 6298 गर्भवती महिलाओं में नौ में संक्रमण की पुष्टि की गई। इसके अलावा राज्य स्वास्थ्य समिति ने संचालित मोबाइल वैन के माध्यम से जिले के विभिन्न इलाकों में शिविर लगाकर लोगों में एचआईवी की जांच की थी। 12 फरवरी से दो मार्च तक संचालित इस विशेष अभियान में कुल 2415 लोगों में से छह में एचआईवी के लक्षण पाए गए। जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि एड्स और एचआईवी दो अलग अलग चीज हैं। एचआईवी एक वायरस है, जिसे ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस के नाम से भी जाना जाता है। एचआईवी आपके इम्यून सिस्टम की सेल्स को संक्रमित और नष्ट कर देता है, जिससे अन्य बीमारियों से लड़ना मुश्किल हो जाता है।

## एक नजर

### रसोई गैस की कालाबाजारी करने वाले दो को सजा

**बक्सर।** अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश सिंह की कोर्ट ने कमर्शियल गैस सिलिंडर की कालाबाजारी के आरोप में दो अभियुक्तों को दोषी पाते हुए दो-दो वर्ष की सजा तथा पांच-पांच हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक अरविंद चौबे ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ डुमरांव थाने में गैस कालाबाजारी का मामला दर्ज हुआ था। अभियुक्त जमुना शाह पिता रामकिशन शाह नेनुआ, एवं पप्पू भारती पिता जय किशन भारती हथेलीपुर दोनों अभियुक्त 5 जनवरी 2019 को मां डुमरेजनी इंटरप्राइजेज के नाम पर कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड वर्धमान पश्चिम बंगाल से गैस लेकर डुमरांव एवं आसपास के गांव में कालाबाजारी कर रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम डुमरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी बक्सर, एमओ डुमरांव ने संयुक्त छापेमारी की थी। इस दौरान डुमरांव नगर के साफाखाना रोड से पिकअप पर लदा ग्यारह कमर्शियल 21 किलो का गैस सिलेंडर जब्त किया गया। वही एजेंसी के कागजात की मांग किया गया तो दोनों अभियुक्त दिखाने में असमर्थ हुए। जिसके बाद डुमरांव थाना में केस दर्ज किया गया। वहीं इस मामले में 6 गवाहों की गवाही के पश्चात अभियुक्त को अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश सिंह ने दोषी पाया गया और दोनों अभियुक्तों को 2 वर्ष की सजा एवं पांच-पांच हजार का अर्थ दंड लगाया गया।

### महाशिवरात्रि पर शांति समिति की बैठक आज

**ब्रह्मपुर।** आठ मार्च को महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाना है। इस अवसर पर ब्रह्मपुर के बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसे देखते हुए प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। ताकी विधि व्यवस्था के संधारण में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। महाशिवरात्रि पर उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के तथा श्रद्धालुओं को हर तरह की सुविधाए देने के लिए डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने मंगलवार को शांति समिति की बैठक बुलाई है। बैठक में ब्रह्मपुर के बीडीओ, नगर पंचायत के ईओ, मुख्य पार्षद, सीओ, थानाध्यक्ष, अंचल निरीक्षक, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि सभी को शामिल होने का निर्देश दिया गया है। वही एसडीओ ने थानाध्यक्ष व बीडीओ से शांति समिति के सदस्यों को बुलाने की बात भी कही है। यह बैठक मंदिर परिसर में अपराह्न दो बजे आयोजित होगा। जिसमें महाशिवरात्रि को ले विशेष चर्चा की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि महाशिवरात्रि पर बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर समेत अन्य मंदिरों पर भी प्रशासन की नजर रहेगी।

### राकेश कुमार बने डुमरांव के नये एसडीएम

**डुमरांव।** डुमरांव के एसडीएम कुमार पंकज का तबादला हो गया है। उनकी जगह कृषि विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी रहे राकेश कुमार को डुमरांव एसडीओ नियुक्त किया गया है। जबकि कुमार पंकज को गया जिले में आपदा विभाग में अपर समाहर्ता बनाया गया है। गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। बता दें कि गृह विभाग ने सोमवार को बड़े पैमाने में पदाधिकारियों का तबादला किया है। इसी कड़ी में डुमरांव के एसडीएम का तबादला हुआ है। हालांकि, राज्य सरकार ने उन्हें पहले ही एडीएम रैंक पर प्रमोशन दे दियाथा। लेकिन पदस्थापना नहीं की गई थी। नयें पदस्थापना के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि जल्दी ही नये एसडीओ अपना पदभार ग्रहण कर लेंगे।

### पशुओं से गुलजार होने लगा ब्रह्मपुर का पशु मेला



**ब्रह्मपुर।** प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के मौके पर आयोजित होने वाले ब्रह्मपुर के प्रसिद्ध फाल्गुनी पशु मेले की तैयारी शुरू हो गई है। एक सप्ताह पहले से ही इस पशु मेले में पशुओं की आवक शुरू हो गई है। ब्रह्मपुर उच्च विद्यालय के खेल मैदान एवं आसपास के खाली पड़े सरकारी भू भाग पर घोड़ा मेला लगना शुरू हो गया है। मालूम हो कि मुगल काल से चल रहे इस प्रसिद्ध फाल्गुनी मेले में कई राज्यों के घोड़े बिक्री के लिए आते है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान पश्चिम बंगाल आदि राज्यों से उत्तम नस्ल के घोड़े व्यापारी लेकर आते हैं। जिनके खरीददार भी दूर-दराज के इलाकों से आते है। अभी से ही घोड़े के शौकीन इस मेले में आने लगे है। बता दें कि इस पशु मेले में महाशिवरात्रि के बाद घोड़ा रेस का आयोजन होता है। यह घोड़ा रेस आस पास के इलाकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहता है। लोगों को पूरे साल इस घोड़ा रेस का इंतजार रहता है। इस दिन आस पास के कई गांवों के लोग पूरे दिन छुट्टी ले रेस देखते है तथा विजेताओं को अपने स्तर से भी पुरस्कृत करते है। चेयरमैन प्रतिनिधि राकेश महतो ने बताया कि मेले में व्यापारियों के लिए बिजली पानी टेंट आदि की सुविधा प्रदान की गई है। बिजली गुल होने की स्थिति में जनरेटर की व्यवस्था की गई है जिससे व्यापारियों को किसी प्रकार परेशानी नहीं हो।



# भोजपुर में दो दिन से लापता शिक्षिका का कुएं से मिला शव, हत्या का आरोप

♦ शनिवार की सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली शिक्षिका का सोमवार की सुबह मिला शव

**केटी न्यूज/आरा**


फाइल फोटो



टाउन थाना क्षेत्र के बांस टाल मोड़ के समीप रविवार सुबह सड़क हादसे में बख्शू शहीद बाबा मजार की भोजपुर के सहार थाना क्षेत्र के बजरेयां गांव से दिन से लापता प्राइवेट शिक्षिका का शव कुएं से बरामद किया गया। शनिवार की सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली शिक्षिका का शव सोमवार की सुबह गांव स्थित काली मंदिर के पास एक कुएं में मिला। मृत बजरेयां गांव निवासी उमा शंकर सिंह की 19 वर्षीया पुत्री पूजा कुमारी थी। उसने पिछले साल ही इंटर की परीक्षा पास की थी और थाना क्षेत्र के बरुहीं गांव स्थित प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती थी। उसके परिजनों की ओर से हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को कुएं में फेंके जाने की बात कही जा रही है। इधर, लापता शिक्षिका का शव मिलने से पूरे गांव में सनसनी मच गई। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष दीपक कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके लिए सिविल सर्जन की ओर से डाक्टरों की एक टीम गठित की गयी थी। उसमें डा. ऋषि कुमार, डा.एमएच अंसारी, डा. सुजीत कुमार और महिला चिकित्सक विजेता प्रसाद शामिल थी। टीम द्वारा जांच के लिए स्वाब भी लिया गया है। उमा शंकर सिंह ने बताया कि उनकी बेटी रोज की तरह शनिवार की सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक घर नहीं लौटी, तो उसकी खोजबीन की शुरू की गयी। लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल पाया था। शनिवार की शाम ही स्थानीय थाना में उसकी गुमशुदगी का आवेदन दिया गया था। उसके बाद पुलिस और परिजन द्वारा लगातार उसकी खोजबीन की जा रही थी। इसी बीच सोमवार की सुबह गांव स्थित काली मंदिर के समीप कुएं से उसका शव बरामद किया गया। उमा शंकर सिंह ने अपनी बेटी की हत्या कर साक्ष्य के छुपाने को उद्देश्य शव को कुएं में फेंकने की आशंका जताई है। हालांकि उन्होंने गांव में किसी से भी विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। इधर, पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार युवती की कहीं दूसरी जगह हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उसके शव को कुएं में फेंक दिया जाना प्रतीत होता है।

## एक नजर

### एटीएम कार्ड बदलकर फ्रॉड करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तारे



**औरंगाबाद ।** एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी से पैसे निकालने वाले एक गिरोह का नगर पुलिस ने उद्भेदन किया है, साथ ही मामले में गिरोह एक सदस्य को गिरफ़्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित गया ज़िले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के उतरावां गांव निवासी सुधांशु भारद्वाज उर्फ टमाटर हैं। जबकि गिरोह के दो अन्य सदस्यों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही हैं। इसके पास से अलग-अलग बैंकों के पांच एटीएम कार्ड, एक एल्युमीनियम का पत्तर एवं सैमसंग का एक कीपैड वाला फोन बरामद किया गया है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई अनित कुमार एवं अन्य सशस्त्र बलों के द्वारा की गई। जानकारी देते हुये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खां ने बताया कि शहर के रमेश चौक के स्थित एचडीएफसी बैंक के समीप पुलिस वाहन को देख अपाची बाइक पर बैठे दो युवक एवं एक युवक एटीएम से रॉ निकालकर अचानक भागने लगे जिन्हें संदेह के आधार पर पिछा किया गया और घेराबंदी कर एक को पकड़ा गया। जबकि दो अन्य बाइक सवार मौके से फरार हो गए। इसके पास से पांच एटीएम कार्ड, एक एल्युमीनियम पत्तर एवं कीपैड वाला मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपित ने एटीएम फ्रॉड की बात स्वीकार किया है। उसने बताया कि अपने गिरोह के अन्य साथियों के सहयोग से एटीएम का कैस निकालने वाले जगह पर एल्युमीनियम का पत्तर चिपकाकर धोखाधड़ी पूर्वक पैसा निकाल लेते हैं। एसडीपीओ ने बताया कि इसके पहले यह पटना ज़िले के नौबतपुर थाना से फ्रॉड के मामले में जेल जा चुका हैं। उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड से जुड़े घटनाओं पर अंकुश लगाने के पुलिस निरंतर प्रयास कर रही है। आगे भी अभियान के फलस्वरुप जारी रहेगा।

### हसपुरा के लिए निकला बुजुर्ग व्यक्ति चार दिनों से गायब, परिजनों ने की खोजबीन की मांग

**औरंगाबाद।** एक बुजुर्ग के गुमसुदगी मामले में हसपुरा थाना में तहरीर समर्पित कर खोजबीन की मांग की है। दरअसल मामला थाना क्षेत्र के टाल गांव की हैं, जहां उस गांव निवासी 62 वर्षीय सुशील कुमार सिंह बीते चार दिनों से लापता हैं। इस संबध में आज परिजनों ने थाना में तहरीर समर्पित की हैं जिसमें बताया कि बीते 29 फरवरी को सुशील कुमार सिंह लूना से हसपुरा के लिए निकले थे जबकि देर शाम तक उस दिन घर वापस नहीं लौटे। अपने स्तर से परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला , आखिरकार उन्होंने थक हार कर पुलिस से खोजबीन की मांग की है। दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने बताया कि मामले में बुजुर्ग की खोजबीन को लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

### मंदिर का पुननिर्माण नहीं होने से लोगों में आक्रोश, धरना देकर निर्माण की मांग की

**औरंगाबाद।** एनएच-19 के चौड़ीकरण को लेकर मदनपुर प्रखंड के शिवगंज स्थित महारूद्र महादेव संकट मोचन मंदिर को बीते साल एनएचआई द्वारा तोड़ दिया गया था। मामले में एनएचआई के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि उस मंदिर को पास में ही निर्माण करवाया जाएगा लेकिन कई महीनों के बाद भी मंदिर निर्माण कार्य न होने और संबधित अधिकारियों द्वारा टाल-मटोल किये जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। इस संदर्भ में आज ज़िला मुख्यालय स्थित दानी बिगहा स्थित दर्जनों लोगों ने धरना प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया और जल्द निर्माण करवाने की मांग की हैं।

## खबरें फटाफट

### चोरों ने डिक्की से तीन लाख बीस हजार रुपया उड़ाया

**जहानाबाद।** सदर अस्पताल के समीप चोरों ने एक मोटरसाइकिल के डिक्की तोड़कर तीन लाख बीस हजार रुपए चोरों ने चोरी कर लिया। बृजेश कुमार ने बताया मैं स्टेट बैंक से पैसा निकाल कर अपने घर जा रहे थे, मेरे बेटी का शादी था तिलक देने के लिए पैसे निकाला था ।लेकिन मैं अपने चश्मा बनाने के लिए सरस्वती मार्केट के समीप मोटरसाइकिल लगाकर एक दुकान में चश्मा बनाने चला गया जैसे ही दुकान से मैं लौटा तो देखा कि मेरा डिक्की खुला हुआ है और रखा हुआ पैसा गायब है। आसपास के लगे हुए सीसीटीवी कैमरे खंगाला गया देखा कि दो लड़का मोटरसाइकिल की समीप घूम रहा है और मौका देखते ही मोटरसाइकिल का डीक्की खोलकर पैसा लेकर दौड़कर भाग रहा है। मोटरसाइकिल पर सवार हो जाता है और एक चोर तो चुपके से निकल जाता इस घटना की सूचना नगर थाना के पुलिस को दी गई पुलिस सीसीटीवी फुटेज कैमरे के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले को तलाश में जुट गई है

### जहानाबाद डीएम कार्यालय के समीप मारपीट, तीन घायल

**जहानाबाद।** डीएम कार्यालय के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई जब डीएम से शिकायत करने आए एक महिला को उसके ही गोतिया ने मारपीट कर घायल कर दिया घोसी थाना क्षेत्र के नंदन गांव निवासी प्रियंका कुमारी ने बताई कि मेरे ही गोतिया चिंटू कुमार से तीन डिसमिल जमीन को लेकर कई महीनो से विवाद चल रहा है। वह व्यक्ति मेरे जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। इसी का शिकायत लेकर हम एवं हमारे ससुर बैकुंठ सिंह एवं लाल सिंह डीएम से मिलने के लिए पहुंचे थे लेकिन जैसे ही हम डीएम कार्यालय के समीप पहुंचे उन लोग भी पीछे से पहुंच गया और कहा कि डीएम से शिकायत नहीं करो लेकिन हमने कहा कि मेरा जमीन पर तुम कब्जा कर रहा है, इसकी शिकायत जरूर करूंगा इसी बात को लेकर वह आग बबूला हो गया और हम लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया ।

## अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खननी कला गांव की रविवार रात की घटना

# जमीन बेचने का विरोध करने पर दोस्त के साथ पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

♦ मारपीट में जख्मी महिला ने इलाज के दौरान सदर अस्पताल में तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**


फाईल फोटो

अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खननी कला गांव में रविवार की रात जमीन बेचने का विरोध करने पर एक शख्स ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। उसने अपने एक दोस्त के साथ मिल कर अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी। उसमे गंभीर रूप से जख्मी उसकी पत्नी की इलाज के क्रम में आरा सदर अस्पताल में सोमवार की सुबह मौत हो गई। मृत महिला खननी कला गांव निवासी गौरी शंकर सिंह उर्फ मुन्ना की 44 वर्षीया पत्नी कुमकुम देवी थी।

इस मामले में कुमकुम देवी के भाई

नारायण कुमार के बयान पर उसके पति और दोस्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला के पति गौरी शंकर सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को रविवार की रात ही गिरफ्तार कर लिया गया है। रोहतास के कच्छवां थाना क्षेत्र के दनवार गांव निवासी नारायण कुमार ने बताया कि उनकी बहन कुमकुम की शादी वर्ष 2003 में अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खननी कला गांव निवासी से.राम लखन सिंह के पुत्र गौरी शंकर सिंह उर्फ मुन्ना के साथ हुई थी। उसके जीजा के नाम पर चार बीघा जमीन थी। उसमें तीन बीघा जमीन उसी गांव के रहने वाले उसके जीजा के एक दोस्त द्वारा खरीद ली गयी था। शेष एक बीघा दूसरे को बेच दिया गया था। अब उसके जीजा के नाम पर दस कट्ठा जमीन गांव में मेन रोड के किनारे थी। उनके दोस्त द्वारा उस जमीन को भी बेचने के लिए कहा जा रहा था। उनकी बहन जमीन बेचने का विरोध कर रही थी। उसको लेकर उनके जीजा ने अपने दोस्त के साथ रविवार की रात लात-घूंसों से उसकी बहन की जमकर पिटाई कर दी। ईंट से भी उसे कुंच दिया गया। उसमें उसकी बहन गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। रिश्तेदार से फोन के जरिए सूचना मिलने पर वह अपनी बहन के ससुराल पहुंचा। तबतक उसके जीजा का दोस्त फरार था, जबकि उसका जीजा मौजूद था। उसके बाद वह बहन को इलाज के लिए पहले पीरो अनुमंडलीय अस्पताल और फिर सदर अस्पताल ले गया। वहां सोमवार की सुबह उसकी बहन ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। नारायण कुमार की ओर से सड़क किनारे दस कट्ठा जमीन बेचने का विरोध करने पर उसने अपने जीजा गौरी शंकर सिंह उर्फ मुन्ना और उसके दोस्त अभिषेक कुमार सिंह उर्फ प्रमोद कुमार सिंह पर ईंट से कुंच कर और लात-घूंसों से पीट अपनी बहन की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि महिला के साथ मारपीट की शिकायत पर उसके पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके दोस्त की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। मामले की छानबीन भी की जा रही है।

### मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला की सड़क हादसे में मौत


फाइल फोटो

**आरा।** भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव के पास सोमवार की सुबह सड़क हादसे में एक अधेड़ महिला की मौत हो गयी। मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला को किसी वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी महिला ने इलाज के दौरान सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृत महिला चांदी गांव निवासी अजीत कुमार की 53 वर्षीया पत्नी शिवरात्रि देवी थी। बेटे संजय कुमार ने बताया कि रोज की तरह उनकी मां सोमवार की सुबह टहलने के लिए कुल्हड़िया स्टेशन रोड की तरफ गई थी। काफी देर के बाद तक वह घर नहीं लौटी, तो खोजबीन शुरू की गयी या। उस दौरान वह भदवर गांव के समीप सड़क के किनारे जख्मी हालत में मिली। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जाता है कि महिला को चार पुत्र और तीन पुत्री है।

# महोत्सव के उद्देश्यों व इतिहास का हो प्रचार-प्रसार : सांसद

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



दो दिवसीय अम्बे महोत्सव का अयोजन किया गया जिसका उद्घाटन आज मुख्य अतिथि सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व विधायक ललन राम, जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि सुबोध सिंह एवं प्रमुख धर्मेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर उप विकास आयुक्त अभ्येन्द्र मोहन, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार एवं अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि माता सतबहिनी के सम्मान में अम्बे महोत्सव का आयोजन किया जाता है। ये आयोजन एक अनोखा और जीवंत अनुभव प्रदान करते हैं। इनके उद्देश्यों एवं इतिहास की प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। महोत्सव के आयोजन से लोगों के अंदर संस्कार का विकास होता है और सभ्य समाज का निर्माण होता है। महोत्सव के माध्यम से हम अपने संस्कृति को याद करते हैं और संस्कारों को जीतें हैं। मौके पर सांसद ने उत्तर कोयल नहर सिंचाई परियोजना, अंबा बाजार में बाईपास निर्माण एवं अंबा बाजार में प्रतिदिन लगने वाले भीषण जाम जैसी क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बीते दिनों औरंगाबाद में प्रधानमंत्री ने जनसभा के दौरान उत्तर कोयल नहर परियोजना की समस्या को दूर करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की थी।

### कम राशि दिए जाने से असंतुष्ट दिखे जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग

अम्बे महोत्सव को राजकीय स्तर पर मिलने वाली राशि के कम होने के कारण जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग असंतुष्ट दिखें। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि औरंगाबाद जिले में देव महोत्सव के बाद आयोजित होने वाला यह दूसरा महोत्सव है जिसे वर्ष 2004 में प्रारंभ किया गया था। दूसरा सबसे पुराना महोत्सव होने के बावजूद अम्बे महोत्सव को मात्र दो लाख रुपए दी जाती है। जो किसी भी महोत्सव के आयोजन के लिए बहुत कम है।

# कार से अंग्रेजी शराब की खेप बरामद, गिरफ्तार


बरामद शराब की पेटी

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

♦ कारोबारी की पहचान हरिहरगंज निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई

राज्य में पूर्ण शराब बंदी के बावजूद भी इस धंधे में लिप्त कारोबारियों को तनिक भी कानून का खौफ नहीं सता रहा है।आए दिन जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से काफी मात्रा में शराब बरामद किया जाता है कारोबारियों पर कठोर कार्रवाई करते हुए जेल भेजने में भी पुलिस पीछे नहीं है । फिर भी शराब कारोबारी बेखौफ होकर धंधा चला रहे है। ऐसे ही शराब की एक बड़ी खेप देव थाना की पुलिस द्वारा जब्त किया गया है, साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है जिसकी पहचान झारखंड प्रदेश के पलामू ज़िले के हरिहरगंज निवासी दीपक कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के जुड़ी बिगहा गांव में छापेमारी की गई जिसमें एक लग्जरी कार से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद किया गया और एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। कार की तलाशी में उक्त शराब की मात्रा 501.12 लीटर हैं। पूछ-ताछ में तस्कर ने बताया कि होली के मद्देनजर उक्त अंग्रेजी शराब को एक जगह पहुंचाने जा रहा था। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया है।

# ननिहाल में फूल तोड़ने गई मैट्रिक की छात्रा की कुए में गिरने से मौत




फाइल फोटो

♦ घर नहीं लौटने पर परिजनों ने शुरू की खोजबीन तो कुएं से मिला शव

**केटी न्यूज/आरा**

उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव में सोमवार की सुबह कुएं में गिरने से मैट्रिक की एक छात्रा की मौत हो गई। फूल तोड़ने के दौरान वह कुएं में गिर पड़ी। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरातफरी मची रही। मृत छात्रा मूल रूप से संदेश थाना क्षेत्र के कोटी गांव निवासी बालेश्वर रवानी की 16 वर्षीय पुत्री पूजा कुमारी थी। उसने इसी साल मैट्रिक की परीक्षा दी थी। उसके जीजा राज कुमार ने बताया कि वह बचपन से ही अपने मामा के घर बेलाउर गांव में रहकर पढ़ाई करती थी। सोमवार की सुबह घर से कुछ दूरी पर स्थित कुएं के पास स्थित पेड़ से फूल तोड़ रही थी। उसी दौरान वह असंतुलित होकर कुएं में गिर पड़ी। उससे उसकी मौत हो गई। काफी देर तक वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों द्वारा खोजबीन करना शुरू की गयी। उस क्रम में दोपहर करीब डेढ़ बजे गांव के एक लड़के ने उसके शव को कुएं में देखा। उसके बाद उसने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से उसके शव को कुएं से बाहर निकाला गया। बाद में पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। गया बताया जा रहा है कि छात्रा अपनी चारों बहन में छोटी थी। उसके परिवार में मां बेबी देवी, बहन रेखा कुमारी,रानी कुमारी और रिंकी कुमारी है।






# अच्छी बुनियादी शिक्षा से ही राष्ट्र की मजबूती संभव : सीमा द्विवेदी

- बीआरसी सिकरारा पर आयोजित हुआ हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव

**केटी न्यूज/जौनपुर**

**जौनपुर(सिकरारा)।** जन समुदाय के समक्ष निपुण लक्ष्यों एवम मूलभूत साक्षरता की आवश्यकता से अवगत कराने हेतु हमारा आंगन - हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम के तहत ब्लाक संसाधन केंद्र पर सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हो रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने मिलकर देश व प्रदेश की सूरत बदल दी है। दोनो ही क्षेत्र में जमकर कार्य हुआ है। कहा कि शिक्षा को लेकर सरकार सजग है। बच्चो की शुरूआती शिक्षा मजबूत होनी चाहिए। ऐसें आयोजनों के माध्यम से बच्चो की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के साथ अभिभावकों को भी जागरूक किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि हमारा आंगन का मतलब हमारे पूरे समाज से है। जिसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है। समाज के सभी बच्चे हमारे है। कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पहली भूमिका आंगनवाड़ी केंद्रों की है जहां प्राथमिक शिक्षा दी जाती है। मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह ने अभ्यागतों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के बारे में जानकारी दी। अतिथियों ने चालीस बच्चो को प्रोत्साहन किट, पंद्रह अभिभावकों को अंगवस्त्रम व पांच प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, सीडीपीओ नाहिद खानम, एसआरजी डा. अखिलेश सिंह, शैलेश चतुवेर्दी, शैलेश कुमार एल, अनुपम श्रीवास्तव, डा. विजय बहादुर सिंह, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन डा. सुरेश यादव ने किया।




## एक नजर

### नगर विकास मंत्री ने कार्यालय का किया निरीक्षण

**मऊ।** नगर विकास मंत्री ए० के० शर्मा ने सोमवार को स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम नगर विकास मंत्री का



नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन रामप्रताप यादव, ई ओ अखिलेश कुमार व अन्य कर्मचारियों ने स्वागत किया। उसके बाद नगर विकास मंत्री ने कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की साफ-सफाई व रखरखाव से वह बहुत संतुष्ट दिखे तथा चेयरमैन के द्वारा कराए गये कार्यों की प्रशंसा किए। इस अवसर पर उन्होंने वंदन योजना के तहत स्थानीय नगर पंचायत के विकास के लिए 6 करोड़ 36 लाख रुपए देने की घोषणा किया एवं सफाई कर्मचारीयों से मिलकर उनका हाल-चाल पूछे। उसके बाद मनाजीत वार्ड में नगर पंचायत के नवनिर्मित कार्यालय का उन्होंने उद्घाटन किया। इस अवसर पर विनोद यादव,उत्पल राय, वीरेंद्र यादव, प्रकाश राम, अनिल राय, पल्टू यादव, ओमप्रकाश यादव, टोनी सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आंधी-पानी व बिजली गिरने से कुल आठ लोगों की मौत, हवा की रफ्तार 50 किमी प्रति घंटे रही

**लखनऊ/मिजार्पुर।** मौसम का मिजाज एकाएक बिगड़ने एवं तेज हवा के साथ हुई ओलावृष्टि एवं बारिश ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में रविवार को भारी नुकसान पहुंचाया है। मिजार्पुर सहित कई जिलों में भारी से हल्की ओलावृष्टि हुई। दिन भर बादलों का डेरा रहा। इस दौरान बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में रविवार को 7.5 मिमी बरसात दर्ज की गई। साथ ही बताया कि सोमवार से धीरे-धीरे मौसम खुलने लगेगा। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में बारिश के भी आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, सुल्तानपुर- मिजार्पुर- हरदोई में 14.8, बहराइच 14.1, कानपुर नगर 13.9, बाराबंकी व गोंडा में 11 मिमी से अधिक बरसात हुई है। अमेठी में सबसे ज्यादा 16.9 मिमी पानी बरसा है। बेमौसम बारिश व तेज हवाओं के चलते ठंड एक बार फिर बढ़ गई है। अधिकतम तापमान सामान्य से 9.9 डिग्री तक नीचे चला गया है। मुरादाबाद व बहराइच में अधिकतम पारा 20 डिग्री से नीचे पहुंच गया। मौसम विभाग ने बताया कि हवा की रफ्तार 50 किमी प्रति घंटे रही। इसके साथ हुई ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलें गिर गईं। चार मार्च को पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहेगा, जबकि पूर्वी यूपी में कुछ स्थानों बरसात हो सकती है।

### महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ शुभारम्भ

**जौनपुर।** राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में रविवार 3 मार्च को राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन करते हुए मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित वशिष्ठ नारायण उपाध्याय ने स्वयंसेवक को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि आप लोग पूरे शिविर के दौरान सामुदायिक सेवा कार्यक्रम में उत्साह के साथ प्रतिभा करें और राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ० सीमा सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के बारे में बताया और कहा कि राष्ट्र सेवा के लिए के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम के उपरांत स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ० अंजनी कुमार मिश्रा ने और आभार ज्ञापन डॉ० ओमप्रकाश यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुमार राज पाण्डेय, सूरज तिवारी, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ शुभारम्भ

**जौनपुर।** राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में रविवार 3 मार्च को राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन करते हुए मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित वशिष्ठ नारायण उपाध्याय ने स्वयंसेवक को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि आप लोग पूरे शिविर के दौरान सामुदायिक सेवा कार्यक्रम में उत्साह के साथ प्रतिभा करें और राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ० सीमा सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के बारे में बताया और कहा कि राष्ट्र सेवा के लिए के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ० अंजनी कुमार मिश्रा ने और आभार ज्ञापन डॉ० ओमप्रकाश यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुमार राज पाण्डेय, सूरज तिवारी, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक मौजूद रहे।

### मतदाता हेतु मतदाताओं को किया गया जागरूक

**मऊ।** नेहरू युवा केंद्र मऊ के तत्वाधान में ग्राम पंचायत पलिगढ़ रानीपुर में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झांती देवी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज देखा जा रहा है कि आये दिन मतदान का स्तर गिरता जा रहा है लोग अपने मत देने के लिए जागरूक नहीं हो रहे हैं कहते हैं कि हमें मत देने से क्या फायदा है लेकिन आज लोगों के बताने की आवश्यकता है कि अपने मत का सही प्रयोग करके सही प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रानी के पेट से राजा पैदा होते थे लेकिन आज राजा मत पेटिका से पैदा होते हैं इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र तिवारी ने कहा कि जब सही प्रतिनिधि का चुनाव करेंगे तो लोकतंत्र मजबूत होगा तथा विकास भी होगा, वंदना गौतम ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि लोभ लालच से दूर रहें और सही प्रतिनिधि का चुनाव करें।

## योगी सरकार प्रदेश के स्कूलों व आंगनवाड़ी केंद्रों पर 143 करोड़ से अधिक खर्च करेगी

# 100 आकांक्षी निकायों के 913 स्कूलों व 348 आंगनवाड़ी केंद्रों की बदलेगी सूरत

- 100 आकांक्षात्मक नगरीय निकायों में स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों का होगा कायाकल्प
- सीएम योगी के निर्देश पर 913 स्कूलों को किया जाएगा अपग्रेड, खोले जाएंगे 25 नये विद्यालय
- 41 करोड़ खर्च कर 100 पिछड़े नगरों के 348 आंगनवाड़ी केंद्रों का होगा अपना भवन
- स्कूलों के अपग्रेडेशन, फर्नीचर, स्मार्ट क्लास और नये स्कूलों के लिए खर्च होंगे 101 करोड़




**केटी न्यूज/ लखनऊ**

प्रदेश के 100 पिछड़े नगरों में विकास को गति देने के लिए योगी सरकार ने आकांक्षी नगर योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत पिछड़े नगरों में मौजूद स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों का सबसे पहले कायाकल्प किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के 100 आकांक्षी नगरीय निकायों में मौजूद 913 स्कूलों को जहां अपग्रेड किया जाएगा वहीं 25 नये विद्यालय भी शुरू किये जाएंगे। इसके अलावा आकांक्षी नगरीय निकायों में मौजूद किराये के अथवा अन्य सरकारी भवनों में संचालित हो रहे 348 आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए नये भवनों का निर्माण कार्य होगा। योगी सरकार इन सभी कार्यों के लिए 143 करोड़ से अधिक खर्च करेगी।

स्कूलों के अपग्रेडेशन और नये भवनों के निर्माण की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 100 आकांक्षी नगरीय निकायों में 398 स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की जाएगी। योगी सरकार इसके लिए प्रति स्कूल 9.27 लाख और कुल 36.89 करोड़ खर्च करेगी। वहीं 913 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था के लिए 2.5 लाख और कुल 22.87 करोड़ खर्च करेगी। इसी प्रकार स्मार्ट क्लास के फर्नीचर के लिए योगी सरकार कुल 6.56 करोड़ खर्च करेगी। यही नहीं 25 नये सीएम अभ्युदय कंपोजिट स्कूलों को भी शुरू किया जाएगा। इसके लिए प्रति स्कूल 1.42 करोड़, जबकि कुल 35.5 करोड़ खर्च किये जाएंगे। इस प्रकार स्कूलों के अपग्रेडेशन और नये स्कूलों को खोलने के लिए योगी सरकार 101.83 करोड़ खर्च करेगी। वहीं आंगनवाड़ी केंद्र को लेकर भी मुख्यमंत्री के निर्देश पर अलग से कार्ययोजना तैयार की गई है। प्रदेश के 100 पिछड़े नगरीय निकायों में ऐसे 348 आंगनवाड़ी केंद्र, जो किराये के भवनों या फिर अन्य शासकीय भवनों में संचालित हो रहे हैं, उनके लिए नये भवन बनाए जाएंगे। इनमें 59 केंद्र किराये के भवनों में चल रहे हैं वहीं, 289 केंद्र अन्य भवनों में संचालित हो रहे हैं। योगी सरकार प्रति आंगनवाड़ी केंद्र लगभग 12 लाख और कुल 41.20 करोड़ खर्च करेगी। बता दें कि योगी सरकार ने प्रदेश के 38 जिलों के 100 नगरीय निकायों को आकांशात्मक श्रेणी में रखा है। इनमें अलीगढ़ में 5, एटा में 1, हाथरस में 1, कासगंज में 1, अयोध्या में 2, अंबेडकर नगर में 1, बाराबंकी में 1, सुल्तानपुर में 1, आजमगढ़ में 2, बलिया में 3, मऊ में 2, शाहजहांपुर में 2, बस्ती में 9, संत कबीर नगर में 3, सिद्धार्थनगर में 4, बांदा में 1, बहराइच में 4, बलरामपुर में 1, गोंडा में 3, देवरिया में 6, गोरखपुर में 2, कुशीनगर में 5, महाराजगंज में 4, फरुखाबाद में 2, कानपुर देहात में 2, लखीमपुर खीरी में 2, लखनऊ में 2, रायबरेली में 1, उन्नाव में 2, बुलंदशहर में 1, सोनभद्र में 2, मुरादाबाद में 1, रामपुर में 3, फतेहपुर में 3, कौशाम्बी में 2, प्रतापगढ़ में 10, प्रयागराज में 1 और जौनपुर में 2 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक नगरीय निकाय की श्रेणी में रखा गया है।

### सीएम योगी ने एक्स पर बदला अपना बायो, जोड़ा- 'मोदी का परिवार'

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में अपने एक्स (पहले ट्विटर) के बायो को बदलते हुए उसमें अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिख दिया है। पीएम मोदी ने तेलंगाना में एक जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन को निशाने पर लेते हुए पूरे देश को अपना परिवार बताया है। इसके बाद पीएम के समर्थन में देशभर के शीर्षस्तर के बीजेपी नेताओं ने अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिख दिया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपने एक्स हैंडल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के नेता लालू प्रसाद यादव के बयान पर पलटवार करते हुए पूरे देश को अपना परिवार बताया है। इसके बाद भाजपा नेताओं ने भी पीएम के समर्थन में अपने एक्स हैंडल के बायो में 'मोदी का परिवार' जोड़ लिया है। इससे पहले 2019 में प्रधानमंत्री के 'चौकीदार' वाले नारे के बाद देशभर के बीजेपी नेताओं यहां तक कि आम जनता ने भी अपने नाम के आगे 'मैं भी चौकीदार' जोड़ लिया था।

## कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर किया जनजागरुकता रैली को रवाना




**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह और कुलसचिव महेंद्र कुमार ने जनजागरुकता रैली को सोमवार को रवाना किया। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उत्तर प्रदेश और भारत सरकार की चल रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं, इस कारण खासतौर से गांव के लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा। जनजागरुकता रैली विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांवों देवकली, जासोपुर, कुकुड़ीपुर और खमहौरा में जाकर लोगों के बीच जागरूक करने का कार्य करेगी। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी डॉ. सुनील कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ शशिकांत यादव, डॉ विशाल यादव, डॉ विनय कुमार और इंजी विजय कुमार मौर्य, मैलास, बॉकेलाल यादव सहित समस्त स्वयंसेवक स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे।

## मोहित मिश्रा का फिजिक्स लेक्चरर के पद पर हुआ चयन



**जौनपुर।** बदलापुर के रायपुर गजेन्द्रपुर निवासी मोहित कुमार मिश्रा ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 उत्तीर्ण कर जनपद का नाम रौशन किया है। उनका चयन फिजिक्स के प्रवक्ता के पद पर हुआ है। उनकी प्रथम रैंक आई है जिससे जनपदवासियों में हर्ष व्याप्त है। मोहित के पिता सुभाष चंद्र मिश्रा दीवानी न्यायालय मैं अधिवक्ता हैं। 25 वर्षीय मोहित बचपन से मेधावी छात्र रहे। उन्होंने हाई स्कूल 2013 में व इंटरमीडिएट 2015 में नेहरू बालोद्यान इंटर कॉलेज से किया। बीएससी व एम एससी क्रमशः 2018 व 2020 में टीडी डिग्री कॉलेज से किया तथा बी एड 2022 में सरजू प्रसाद महाविद्यालय कजगांव से किया। हाई स्कूल व इंटर 84 फीसद, बीएससी 70 फीसद, एमएससी 72 फीसद, व बी एड 73 फीसद अंकों से उत्तीर्ण हुए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता सुभाष चंद्र मिश्रा माता पुनीता देवी एवं परिवार के अन्य सदस्यों व गुरुजन को दिया है।

# देश को मजबूत सूत्र में बांधने का काम करता है कुटुंब परिवार मिलन

- खराब मौसम के बावजूद 300 स्वयंसेवकों ने लिया हिस्सा

**केटी न्यूज/मऊ**




परिवार में नारी पुरुष के सजृन से जो संतती होती हैं उसकी प्रथम गुरु माँ होती है। माँ ही अपने बच्चे को संस्कारवान एवं गुणवान बनाती है और संस्कारों से युक्त बालक ही संस्कारवान समाज की नींव डालता है। जो आगे चलकर समाज एवं देश का नाम उज्वल करता है। उपरोक्त बातें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के कुटुम्ब परिवार प्रबोधन प्रमुख ओमपाल जी ने कहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित कुटुंब परिवार मिलन समारोह को रविवार की शाम को संबोधित करते हुए ओमपाल जी ने कहाकि परिवार समाज की प्रथम इकाई है और परिवार रूपी गाड़ी को चलाने के लिए नारी पुरुष दो चाक हैं। जिस परिवार में पति पत्नी दोनों सरकारी या किसी प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करते हैं निश्चित रूप से उनके घर के बच्चों की देखरेख, निगरानी, शिक्षा संस्कार के कार्यों में कुछ कमियां रह जाती है। ऐसे में माता को अपने बच्चों जो देश के भविष्य साबित होते हैं पर ही विशेष ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि माताओं बहनों संयोजन में ही परिवार कुटुंब सही ढंग से आगे चल पाता है। राम, कृष्ण, शिवाजी आदि ने अपनी माँ के दिए संस्कारों से न केवल देश को बल्कि पूरे राष्ट्र को गौरवान्वित किया। इस प्रकार माता कौशल्या, यशोदा एवं जीजाबाई ने समाज और संस्कारों के निर्माण में महती भूमिका अदा की। क्षेत्र कुटुंब प्रबोधन प्रमुख अशोक उपाध्याय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहाकि परिवार के साथ-साथ कुटुंब से नाता रखना देश को एक मजबूत कड़ी की ओर आगे ले जाता है। उन्होंने कहा कि कुटुंब का तात्पर्य हमारे पड़ोसियों से लगायत नात, रिश्तेदार, सगे संबंधियों तक से है। ऐसे में हमें केवल अपने कुटुंब का ही ख्याल नहीं रखना हमें अपने केवल परिवार का ही ख्याल नहीं रखता बल्कि कुटुंब के लोगों को भी साथ लेकर चलना है। जिसके निमित्त कुटुंबमित्र बनाना एक महत्वपूर्ण कार्य है। वक्ताओं द्वारा भारतीय संस्कृति और सभ्यता का पाठ पढ़ाकर भारत की नारियों के जरिए आदि काल से लेकर अब तक की वीरांगनाओं का हवाला दिया।



## सुभाषितम्

जैसे उल्लू को सूर्य नहीं दिखाई देता वैसे ही दुष्ट को सौजन्य दिखाई नहीं देता।

- स्वामी भजनानंद

# दुनिया की सबसे महंगी अनंत-राधिका अंबानी की शादी

भारत के गुजरात में दुनिया की सबसे महंगी शादी का रिकॉर्ड बनने जा रहा है। इस शादी के प्रीवेडिंग में 1000 करोड रुपए से अधिक घोषित रूप से, तथा अघोषित रूप से करोड़ों रुपए खर्च हुएहैं। दुनिया की यह सबसे महंगी शादी है। अनंत और राधिका की शादी ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है। मुकेश अंबानी ने अपनी बेटी ईशा अंबानी की शादी में लगभग 700 करोड रुपए खर्च किए थे। अपने बेटे अनंत अंबानी की शादी में 1000 करोड रुपए से ज्यादा घोषित रूप से खर्च किए हैं। भारत में सबसे महंगी शादी का विश्व रिकॉर्ड होगा। इस शादी में दुनिया भर से मेहमान भारत आए हैं। 1 मार्च से लेकर 3 मार्च तक बड़े स्तर पर प्री वेडिंग के फंक्शन रखे गए हैं। लाइव फंक्शन और लाइट डेकोरेशन में करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं। इंटरनेशनल स्टार रिहाना और बॉलीवुड सिंगर अरिजीत सिंह के लाइव शो में एक अरब रुपए से ज्यादा खर्च किए गए हैं। मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी की जब शादी हुई थी। ईशा की शादी ने सबसे महंगी शादी का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। उस शादी के रिकॉर्ड को मुकेश अंबानी ही तोड़ने जा रहे हैं। अनंत और राधिका की शादी में 1000 करोड रुपए से अधिक खर्च कर रहे है। अनंत राधिका की प्री वेडिंग गुजरात के जामनगर में हो रही है। शादी मुम्बई में होगी। अनंत की दादी का जन्म जामनगर में हुआ था। जामनगर से ही धीरूभाई अंबानी ने अपने बिजनेस का सफर शुरू किया था।मुकेश अंबानी ने भी जामनगर से अपने बिजनेस को आगे बढ़ाया। गुजरात के जामनगर को दुनिया भर में यादगार बनाने के लिए, जामनगर में प्री वेडिंग का आयोजन किया गया है। दुनिया भर से मेहमानों को जामनगर आमंत्रित किया गया। 10 दिनों के लिए जामनगर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट का दर्जा भारत सरकार ने दिया है।100 से अधिक निजी जेट विमान जामनगर पहुंचे हैं। दुनिया में अनंत और राधिका की शादी ने एक इतिहास रच दिया है।सबसे महंगी शादी का यह वर्ल्ड रिकॉर्ड बनना तय है। मुकेश अंबानी दुनिया के 10 सबसे बड़े धनवानो में शामिल हैं। उस हिसाब से शादी में यदि वह 1000 करोड रुपए से अधिक खर्च कर रहे हैं, तो इसे कोई बड़ी रकम नहीं कहा जा सकता है। भारतीय परिवारों मे शादियों पर भारी खर्च करने का शौक होता है। निम्न और मध्यम वर्ग भी अपनी आर्थिक हैसियत के अनुसार शादी में अपनी सीमा से अधिक खर्च करता है। अनंत अंबानी की शादी में मुकेश अंबानी ने दिल खोलकर अपनी हैसियत के अनुसार सीमित पैसा ही खर्च कर रहे हैं। शादी और प्री वेडिंग के सभी समारोह में हुए खर्च को जोड़ लिया जाए, तो इस शादी मे 2000 करोड रुपए से ज्यादा खर्च किया जा रहा है। मुकेश अंबानी ने आसपास के कई गांव के लोगों को भोजन पर आमंत्रित किया। उन्हें भोजन कराया,अंबानी परिवार ने स्वयं गांव के अतिथियों को खाना परोसा। अनंत अंबानी के बड़े भाई आकाश अंबानी की शादी के खर्च का कोई खुलासा नहीं हुआ।आकाश अंबानी की शादी के स्विट्जरलैंड में प्री वेडिंग सेलिब्रेशन के आयोजन हुए थे। इसमें 500 से अधिक मेहमानों को बुलाया गया था। होटल में 1लाख रुपए प्रतिदिन से अधिक किराए वाले सैकड़ो कमरे बुक किए गए थे। आकाश की शादी का जो कार्ड छपा था। उस कार्ड की कीमत डेढ़ लाख रुपये प्रति कार्ड थी। जामनगर के इस प्री वेडिंग सेलिब्रेशन में कई फंक्शन आयोजित किए गए। 77 करोड रुपए का भुगतान अकेले रिहाना अंतर्राष्ट्रीय सिंगर को किया गया है। बॉलीवुड की हस्तियां जिसमे शाहरुख खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन, करीना कपूर और अन्य परिवार के साथ शादी में भाग लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में फिल्मी कलाकार पहुंचे। विदेश से जो मेहमान प्री वेडिंग समारोह में भाग लेने के लिए जामनगर पहुंचे हैं। समारोह की भव्यता और खर्च को देखकर देशी-विदेशी अतिथि हतप्रभ है।

## चिंतन-मनन

# शिष्य बना प्रशंसा का पात्र

गंगा किनारे गुरु अभेंद्र का आश्रम था। एक बार देश में भीषण अकाल पड़ा। गुरु अभेंद्र ने संकटग्रस्तों की मदद के उद्देश्य से अपने तीन शिष्यों को बुलाकर कहा - ऐसे संकट के समय में हमें अकाल पीड़ितों की सेवा करनी चाहिए। तुम लोग अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भूखों को भोजन कराओ। उनकी बात सुनकर शिष्य बोले - गुरुजी, हम इतने सारे लोगों को भोजन कैसे कराएंगे? हमारे पास न तो अन्न भंडार है और न अनाज खरीदने के लिए धन। तब गुरु अभेंद्र ने उन्हें एक थाली देते हुए कहा - यह थाली दिव्य है। तुम जितना भोजन मांगोगे, यह उतना भोजन उपलब्ध कराएगी। तीनों शिष्य थाली लेकर निकल पड़े। दो शिष्य एक स्थान पर बैठ गए। उधर से जो भी गुजरता, उसे वे भोजन कराते। किंतु तीसरा शिष्य मोहन बैठा नहीं, बल्कि घूम-घूमकर भूखों को खोजता रहा और उन्हें खाना बांटता रहा। कुछ दिनों बाद जब तीनों आश्रम लौटे, तो गुरु ने मोहन की खूब प्रशंसा की। दोनों शिष्यों को यह अजीब लगा। उन्होंने पूछा - गुरुदेव, हमने भी तो अकाल पीड़ितों की सेवा की है। फिर मोहन की ही प्रशंसा क्यों गुरु ने उत्तार दिया - तुमने एक ही स्थान पर बैठकर पीड़ितों की सहायता की। ऐसा करने से वे लोग तुम्हारी मदद से वंचित रह गए, जो चलकर तुम्हारे पास आने में असमर्थ थे। जबकि मोहन ने लोगों के पास जा-जाकर उन्हें भोजन कराया। उसकी सहायता अधिकतम लोगों तक पहुंची, इसलिए उसकी सेवा अधिक प्रशंसा के योग्य है। कथा का सार यह है कि वही सेवा अधिक सराहनीय होती है, जो आगे बढ़कर की जाए।

# कौन करता है नौकरीपेशा औरतों को परेशान

-आर.के. सिन्हा

अब सामाजिक, व्यापारिक, संस्थागत जीवन का शायद ही कोई इस तरह का क्षेत्र बचा हो, जिधर महिलाएं नौकरी के लिए न जाती हों। खेत-खलिहानों, बैंकों,सरकारी और निजी दफ्तरों से लेकर घरों में चूल्हा-चौका करके अपने परिवार की आर्थिक मदद करने में आधी दुनिया किसी भी तरह से मर्दों से पीछे नहीं हैं। कहा जा सकता है कि अब देश में करोड़ों महिलाएं कार्यशील हैं। देश में बढ़ती साक्षरता के चलते नौकरीपेशा औरतों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। जाहिर है, उन्हें घरों से निकलकर अपने दफ्तरों और फैक्ट्रियों में तो जाना होता ही है। आपको हजारों औरतें विभिन्न संस्थानों में नाइट ड्यूटी करते हुए भी मिलेंगी। पर अपने दफ्तर या फिर स्कूलों-कालेजों में जाने वाली लड़कियों और महिलाओं को कुछ विक्षिप्त मानसिकता के लोग परेशान करते रहते हैं। वे उनके (महिलाओं) के पीछे पड़ ही जाते हैं। उन्हें वे तरह-तरह से परेशान करते हैं। इस हरकत को अंग्रेजी में कहते हैं ह्यस्टॉकिंगह्ल। दिल्ली पुलिस ने हाल ही में एक इस तरह के शख्स को पकड़ा जो एक कार्यशील महिला का लगातार पीछा कर रहा था। यह तो सिर्फ एक उदाहरण मात्र है। इस तरह के तमाम केस पुलिस के सामने आते ही रहते हैं। किसी महिला का हाथ धोकर पीछा करना यौन उत्पीड़न का एक गंभीर रूप है और भविष्य में होने वाली किसी गंभीर घटना की पहली चेतावनी भी है। बेशक, पीड़िता को चुपचाप सहने के बजाय आगे आना चाहिए और अपने साथ हो रहे अपराध की रिपोर्ट पुलिस को करनी चाहिए ताकि इसे शुरू में ही खत्म किया जा सके।



एक बात समझ लें कि किसी सिरफिरे का किसी महिला का पीछा करना प्रारंभिक चरण है; उसका अंतिम इरादा महिला के साथ छेड़छाड़ या बलात्कार ही हो सकता है। राजधानी दिल्ली के न्यू सीमापुरी इलाके में हजारों मेहनतकश लोग छोटे-छोटे घरों में रहते हैं। यह अधिकतर उत्तर प्रदेश,बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा से और अनेकों बांगलादेशी हैं। अब बांग्लादेशियों के पास वैसे तो अवैध आधार कार्ड वगैरह सब कुछ है। यहां पर रहने वाली बहुत सारी महिलाएं अपने इलाके में चलने वाली ह्यमहिला पंचा?तह्ल में अपने साथ घरों में होने वाले उत्पीड़न से लेकर घरों के बाहर उनका पीछा करने वालों की शिकायत करने के लिए आती हैं। आगे बढ़ने से पहले बता दें कि इस महिला पंचायत में पीड़ित महिलाओं को उनके कानूनी हकों के बारे में पंचायत में काम करने वाली काउंसलर विस्तार से जानकारी देती हैं और उनकी समस्या का समाधान खोजती हैं। इस महिला पंचायत, जिसका संबंध दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से है, के प्रबंधक फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि कार्यशील औरतों के पीछे पड़ने के मामले बहुत तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। किसी महिला का पीछा करने वाले शख्स पीड़ित महिला को फोन पर अशलील मैसेज भी भेजते रहते हैं। वह दिन भर और देर रात तक उसे फोन करके परेशान करते हैं। महिला के घर से निकलने पर वह उसे छूने या बात करने की चेष्टा करते हैं। इस कारण से बहुत सारी औरतें नौकरी छोड़ने तक के बारे में सोचने लगती हैं। अनेकों किशोरियां डर के मारे पढाई भी छोड़ देती हैं। दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज के बाद अब हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल स्थापित करने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए फादर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि जो लोग स्टॉकिंग में शामिल होते हैं, वे बहुत मोटी चमड़ी वाले दुष्ट अपराधी होते हैं। सख्ती से मना करने के बाद भी वे बेशर्मी से महिला का पीछा करते रहते हैं। महिला के उन्हें अस्वीकार करने के बाद भी वे बाज नहीं आते। वे अपनी हरकतों को जारी रखते हैं।

बेशक, स्टॉकिंग एक गंभीर अपराध है। इस अपराध से दो-चार होने वाली लड़कियों/ महिलाओं को तुरंत पुलिस में शिकायत करनी चाहिए। यदि वे आगे आकर शिकायत नहीं करेंगी, तो उनका पीछा करने वालों को गलतफहमी होने लगेगी कि वे सचमुच में बहुत ताकतवर हैं। उन्हें लगेगा कि वह जो चाहे कर सकते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि जब किसी महिला को अपने पीछे पड़े हुए व्यक्ति से दो-चार होना पड़ता है तो वह बुरी तरह से मनोवैज्ञानिक रूप से टूटने लगती है। यह अपने आप में घोर उत्पीड़न है और इससे कम कुछ नहीं। लड़कियाँ पीछा करने वाले से लगातार भयभीत रहती हैं।

याद रख लें कि किसी भी समाज के चरित्र को जानने के लिए आपको यह देख लेना काफी होगा कि वहां पर कितनी महिलाएं कार्यशील हैं। जिस समाज में जितनी अधिक औरतें कार्यशील होंगी वह समाज उतना ही प्रगतिशील माना जाएगा। इसलिए कार्यशील महिलाओं को सुरक्षा देना समाज और सरकार का पहला दायित्व है। अब नौकरियां सुबह दस से शाम पांच बजे तक की बहुत कम रह गई हैं। अब तो दिन-रात दफ्तर चलते हैं। भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नौकरियों की बहार आने के बाद हम देख रहे हैं कि बड़ी संख्या में नौकरियां रात के समय की ही होती हैं। इन परिस्थितियों में कार्यशील महिलाओं को सुरक्षा तो देनी ही होगी। यह देखना होगा कि उनका दफ्तर के भीतर किसी तरह से यौन उत्पीड़न न हो। उन्हें कोई फोन करके परेशान न करता हो या फिर उनका कोई पीछा न करता हो। इसमें कोई शक नहीं है कि किसी भी देश और समाज की पहचान इस बात से ही होती है कि वहां पर महिलाएं कितनी आर्थिक रूप से स्वावलंबी हैं। वे स्वावलंबी तो तब ही होंगी जब उन्हें सही ढंग से शिक्षित किया जाएगा और उन्हें रोजगार में पर्याप्त अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, उन्हें कार्यस्थल पर बेहतर माहौल और अपने पुरुष साथियों के बराबर वेतन भी मिलेगा। बेशक, जिन दफ्तरों में महिलाएं मुलाजिम होती हैं वहां पर माहौल कुल मिलाकर सकारात्मक ही रहता है। इसलिए किसी दफ्तर का समावेशी होना बहुत जरूरी है। हां, उस वातावरण को कुछ गटर मानसिकता वाले लोग खराब अवश्य करने की कोशिश करते हैं। चूंकि अब विश्व महिला दिवस (8 मार्च) को आने में कुछ ही दिन शेष बचे हैं, इसलिए सारी बहस कार्यशील औरतों तक ही सिमट कर नहीं रह जानी चाहिए। अब भी अनेक औरतों को घरों में अपने ही पतियों के जुल्मों-सितम का शिकार होना पड़ता है। महिला पंचायत में आने वाली औरतों में उन बेबस महिलाओं की संख्या भी खासी रहती है, जो घरेलू हिंसा का लगातार शिकार होती हैं।

# कपड़ो की तरह दल बदल रहे है अवसरवादी नेता!

- डॉ श्रीगोपाल नारसन

सन 2014 से अब तक 8 पूर्व मुख्यमंत्री पाला बदल चुके हैं। इनमें अशोक चव्हाण, कैप्टन अमरिंदर सिंह और नारायण राणे का नाम प्रमुख हैं। वहीं 20 से ज्यादा केंद्रीय मंत्री भी दलबदल के खेल में शामिल हुए। उत्तराखंड लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा ने कांग्रेस के विधायक रहे राजकुमार को भाजपा में शामिल कर लिया था। इससे पूर्व धनौल्टी क्षेत्र के निर्दलीय विधायक प्रीतम सिंह पंवार को पहले ही भाजपा में शामिल किया जा चुका है। उत्तरकाशी जिले की पुरोला सीट से कांग्रेस विधायक रहे राजकुमार ने दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। राजकुमार ने भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के सामने देहरादून की एक सीट से टिकट देने की शर्त रखी है। जिसे स्वीकार करने पर ही दलबदल हुआ था। हाल ही में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने वर्षो पुरानी अपनी कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ले ली और भाजपा टिकट पर राज्यसभा पहुंच गए। सन 2014 के बाद सबसे ज्यादा दलबदलू नेता बीजेपी में गए हैं। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ 2014 से 2021 तक विधायक-सांसद स्तर के 426 नेताओं ने बीजेपी का दामन थामा है। कांग्रेस में सिर्फ 176 दलबदलू नेता शामिल हुए। 7 दिन में 4 राज्यों के दो दर्जन से ज्यादा नेताओं ने पाला बदल लिया है। दल बदलने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री से लेकर महापौर स्तर के नेता शामिल हैं। राजस्थान कांग्रेस के विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने भी हाथ का साथ छोड़कर कमल का दामन थाम लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी और जबलपुर के मेयर जगत बहादुर अन्नू जरूर कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हो गए है। भारत में दलबदल का खेल सन 1960-70 में हरियाणा से शुरू हुआ था। धीरे-धीरे यह सियासी रोग पूरे भारत में फैल गया। 2014 के बाद नेताओं के दलबदल के मामलों में काफी तेजी आई है।

सत्ता जाने के डर से भाजपा फिलहाल येनकेन प्रकारेण स्वयं को मजबूत करने के लिए विपक्षी विधायकों पर डोरे डाल रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तो खुले रूप में कांग्रेसी विधायकों को भाजपा में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे है। हालांकि अंदरूनी गुटबाजी के चलते भाजपाका खुद का कुनबा बिखरने के कगार पर है। जिनमे कांग्रेस के बागी रहे और अब भाजपा के कभी भी भाजपा को बॉय बॉय बोल सकते है।

लोकसभा चुनाव नजदीक है, ऐसे में हर दल अपना कुनबा बढ़ाने में जुटा है। बसपा के सांसदों में हाथी से उतरने की होड़ मची हुई है। दो सांसदों ने जहां दूसरे दलों का दामन थाम लिया है। वहीं दो सांसदों ने राहुल की न्याय यात्रा में शामिल होकर नीला झंडा उतारने का संकेत दे दिया है। इसी हफ्ते पार्टी के कई सांसद दूसरे दलों में शामिल होने की घोषणा कर सकते हैं। बसपा के कुल 10 सांसद सन 2019 के लोकसभा चुनाव में जीते थे। इनका 2024 लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी से मोहभंग होने लगा है। अपने कार्यकाल के अंतिम साल ये सांसद बीजेपी, सपा और कांग्रेस नेताओं से संपर्क करने लगे। इनमें से 4 सांसद बीजेपी, 3 सपा और 3 कांग्रेस के संपर्क में हैं। इनमें से बसपा सांसद अफजल अंसारी का टिकट सपा ने फाइनल कर दिया है। सांसद रितेश पांडेय ने भाजपा का दामन थाम लिया है। इसके साथ ही पार्टी से निलंबित चल रहे सांसद दानिश अली कांग्रेस से मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। वहीं श्याम सिंह यादव की सपा-कांग्रेस से नजदीकी काफी बढ़ गई है। इन्होंने भी न्याय यात्रा में शामिल होकर खुद को बसपा से अलग करने का संकेत दे दिया है। लालगंज की सांसद संगीता आजाद भी भाजपा में शामिल हो सकती हैं। बसपा सांसद मलूक नागर रालोद के संपर्क में बताए जा रहे हैं। सहारनपुर के सांसद हाजी फजलुर्रहमान का भी बसपा में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। बसपा के शेष बचे सांसद भी दूसरे दलों में भविष्य तलाश रहे हैं। पीलीभीत से बीजेपी सांसद वरुण गांधी पिछले कुछ समय से अपनी सरकार की योजनाओं की खिलाफत कर रहे थे। जिसके चलते बीजेपी के छोटे-बड़े नेताओं ने वरुण से दूरियां बना ली थी। जिससे उनके टिकट कटने की चर्चा भी चल रही थी। लेकिन इन सबके बीच अब फिर वरुण गांधी पार्टी नेताओं संग बैठे दिखाई देने लगे है। साथ ही वे पीएम मोदी की तारीफ करते भी नजर आए। माना जा रहा है कि बीजेपी और वरुण गांधी में सबकुछ ठीक हो गया है। इससे पहले वरुण कई मौकों पर अपनी ही सरकार को घेरते दिखाई दिए हैं। भारत अमृत योजना के तहत पीएम मोदी रेलवे स्टेशनों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शिलान्यास कर रहे थे। इस मौके पर सांसद वरुण गांधी पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यक्रम में पहुंच गए। इस कार्यक्रम में बीजेपी के जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह सहित तमाम पार्टी के कई नेता मौजूद थे। वरुण और बीजेपी जिला अध्यक्ष चार साल बाद एक मंच पर दिखे। दलबदल कानून में अगर कोई विधायक या सांसद खुद ही अपनी पार्टी की सदस्यता छोड़ देता है या फिर कोई निर्वाचित विधायक या सांसद पार्टी लाइन के खिलाफ जाता है। अगर कोई सदस्य पार्टी व्हिप के बावजूद वोट नहीं करता। अगर कोई सदस्य सदन में पार्टी के निर्देशों का उल्लंघन करता है। तब

विधायक या सांसद बनने के बाद खुद से पार्टी सदस्यता छोड़ने, पार्टी व्हिप या पार्टी निर्देश का उल्लंघन दल-बदल कानून में माना जाएगा। अगर किसी पार्टी के दो तिहाई विधायक या सांसद दूसरी पार्टी के साथ जाना चाहें, तो उनकी सदस्यता खत्म नहीं होगी। सन 2003 में इस कानून में संशोधन भी किया गया। जब ये कानून बना तो प्रावधान ये था कि अगर किसी मूल पार्टी में बँटवारा होता है और एक तिहाई विधायक एक नया ग्रुप बनाते हैं, तो उनकी सदस्यता नहीं जाएगी।

लेकिन इसके बाद बड़े पैमाने पर दल-बदल हुए और ऐसा महसूस किया कि पार्टी में टूट के प्रावधान का फायदा उठाया जा रहा है। इसलिए ये प्रावधान खत्म कर दिया गया। संविधान में 91वाँ संशोधन जोड़ा गया। जिसमें व्यक्तिगत ही नहीं, सामूहिक दल बदल को असंवैधानिक करार दिया गया। विधायक कुछ परिस्थितियों में सदस्यता गँवाने से बच सकते हैं। अगर एक पार्टी के दो तिहाई सदस्य मूल पार्टी से अलग होकर दूसरी पार्टी में मिल जाते हैं, तो उनकी सदस्यता नहीं जाएगी। ऐसी स्थिति में न तो दूसरी पार्टी में विलय करने वाले सदस्य और न ही मूल पार्टी में रहने वाले सदस्य अयोग्य ठहराए जा सकते हैं। जब पूरी की पूरी राजनीतिक पार्टी अन्य राजनीति पार्टी के साथ मिल जाती है। अगर किसी पार्टी के निर्वाचित सदस्य एक नई पार्टी बना लेते हैं।

अगर किसी पार्टी के सदस्य दो पार्टियों का विलय स्वीकार नहीं करते और विलय के समय अलग ग्रुप में रहना स्वीकार करते है। जब किसी पार्टी के दो तिहाई सदस्य अलग होकर नई पार्टी में शामिल हो जाते हैं। 10वीं अनुसूची के पैराग्राफ 6 के मुताबिक स्पीकर या चेयरपर्सन का दल-बदल को लेकर फैसला आखिरी होगा। पैराग्राफ 7 में कहा गया है कि कोई कोर्ट इसमें दखल नहीं दे सकता। लेकिन 1991 में सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच ने 10वीं अनुसूची को वैध तो ठहराया लेकिन पैराग्राफ 7 को असंवेधानिक करार दे दिया।

# टिकट वितरण में अग्रो-अग्रो भाजपा

-राकेश अचल

लोकसभा चुनाव 2024 का आधिकारिक कार्यक्रम घोषित होने से पहले भाजपा ने 195 प्रत्याशियों की सूची घोषित कर दी। कांग्रेस हमेशा की तरह इस मामले में फिर पिछड़ गयी। कांग्रेस में निर्णय लेने की अपनी शैली है।अब आप कह सकते हैं अग्रो-अग्रो भाजपा । भाजपा की हमेशा आगे बने रहने की ललक ही है जो कांग्रेस को लगातार सत्ता से दूर रखे हैं।

भाजपा की पहली सूची में मप्र के तमाम दिग्गजों को टिकट दे दिया गया और अनेक का टिकट काट भी दिया गया। ये कतर-ब्योंत कोई नयी बात नहीं है। ये न हो तो नये लोगो को मौका ही न मिले। लेकिन भाजपा ने पहली सूची में मप्र के कुछ ऐसे कार्यकताओं पर भी दांव लगाया है, जो किसी भी दृष्टि से जीतने लायक नहीं है।

मप्र में पिछले आम चुनाव में 29 में से 28 सीटें जीतीं थी, लेकिन पहली सूची से लगता है कि भाजपा इस बार मप्र के भरोसे नहीं है। या फिर भाजपा के पास ऐसा कोई जादू है जिसके बल पर किसी भी प्रत्याशी को जिताया जा सकता है। ग्वालियर - चंबल संभाग से ही शुरू करें तो मुरैना सीट से पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर को प्रत्याशी बनाया गया है।

मुरैना से अब तक मप्र विधानसभा के नये अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सांसद थे। पार्टी ने तोमर को संसद से विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल कर लिया। शिवमंगल इन्हीं नरेन्द्र सिंह तोमर के समर्थक हैं। शिवमंगल की छवि नरेन्द्र सिंह तोमर के एजेंट जैसी है। पार्टी में उनका अपना कोई खास वजन नहीं है। कांग्रेस शिवमंगल को आसानी से पराजित कर सकती हैं, लेकिन यदि मुरैना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी खुद चुनाव लड़ें तो बात अलग है। क्योंकि मुरैना -श्योपुर संसदीय क्षेत्र में आने वाले 8 विधानसभा क्षेत्रों में से आधे पर कांग्रेस का कब्जा है। भाजपा के गढ़ ग्वालियर सीट पर वर्तमान सांसद विवेक नारायण शेजवलकर का टिकट काट कर हाल ही में विधानसभा चुनाव हारे पूर्व मंत्री भारत सिंह कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया है।भारत सिंह भी पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के समर्थक हैं। मिडिल पास हैं।वे शेजवलकर के मुकाबले बेहतर कैसे मान लिए गए, ये समझना मुश्किल है। कांग्रेस यदि यहां समझदारी से प्रत्याशी लाए तो पासा पलटा जा सकता है। यहां भी मोदी जी का चेहरा दांव पर लगा दिया गया है।

गुना सीट से पिछले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव हारे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को टिकट दिया गया है। सिंधिया को हराने वाले भाजपा के वर्तमान सांसद केपी सिंह ही नहीं भाजपा के तमाम कार्यकर्ता भी अवाक हैं।जिन कार्यकताओं ने सिंधिया को हराया था उन्ही के कंधों पर अब सिंधिया को जिताने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जाहिर है भाजपा अपने कार्यकताओं को बंधुआ समझती है। आपको याद होगा कि भाजपा ने 2020 में कांग्रेस से भाजपा में आए ज्योतिरादित्य सिंधिया इस समय राज्य सभा के सदस्य हैं। उनके स्थान पर सिंधिया के बेटे या बुआ को भी चुनाव लड़ाकर जीत तय की जा सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।अब सिंधिया के बेटे को पांच साल और प्रतीक्षा करना होगी। इस चुनाव में सिंधियाशाही की अग्निपरीक्षा है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को खुद भी जीतना है और बाकी की तीन सीटें भी जिताना है।

## आज का राशिफल

**मेष** – आज लाभ होगा और आज काफी संघर्ष के बाद आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी।

**तुला** – आज आर्थिक लाभ होगा और कोई बड़ी कारोबारी डील करने में आपको सफलता मिलेगी।

**वृषभ** – आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीद करने के बारे में सोचना चाहिए।

**वृश्चिक** – आज तनाव से दूर रहने की सलाह है। अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा।

**मिथुन** – आज दिन आर्थिक सफलता से भरा होगा और आपकी अप्रत्याशित उन्नति देखकर सभी हैरान होंगे।

**धनु** – किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। जो लोग रिसर्च के काम से जुड़े हैं उनके लिए लाभ का दिन है।

**कर्क** – आज किसी प्रकार की चिंता दूर होगी। किसी मामले में आपकी चिंता दूर होगी।

**मकर** – आज लाभ होगा और आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल भाग्य विकास में सहायक है।

**सिंह** – आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आज आपको धन का निवेश कहीं करने से बचने की जरूरत है।

**कुंभ** – आयात और निर्यात के व्यवसाय आरंभ का निर्णय भी आज हो सकता है।

**कन्या** – आज दूर होगी और किसी मामले में आपको विशेष प्रकार की भागदौड़ करनी पड़ेगी।

**मीन** – आज आर्थिक मामलों में उन्नति का दिन है। उन्नति के क्षेत्र में कई मार्ग खुलेंगे।

## विशेष

# मोदी तानाशाह नहीं, और हिंदू गुलाम नहीं

ध्रुव राठी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें नरेंद्र मोदी को तानाशाह बताया गया है। 10 सालों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शासन है।उन्हें हिंदू संस्कार युक्त तथा अवतार के रूप में भी देखा जाता है। भारत के हिंदुओं में राम और रामराज की अवधारणा बनी हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान में संशोधन करके आपातकाल लगाया था। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शासनकाल में आपातकाल भी नहीं लगाया, और आपातकाल से ज्यादा निरंकुश शासन करने से, उन्हें तनाशाह भी कहा जाता है। राजनीतिक हलको में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कहा जाता है, कि वह विपक्ष से हमेशा भयाकुल रहते हैं। वह कैसे तानाशाह हो सकते हैं। हिंदू गुलाम नहीं हैं। हिंदुओं की मानसिकता जरूर भय ओर गुलामी की है।

# मनीष सिसोदिया नहीं बिके, इसलिए जेल में

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया लगभग 1 साल से जेल में बंद है। उन्होंने भाजपा के आगे सरेंडर नहीं किया। संजय सिंह भी भाजपा के सामने सरेंडर नहीं हुए। जिसके कारण वह भी शराब घोटाले के मामले में जेल में बंद हैं। भाजपा में हमेशा विपक्षी दलों के नेताओं का भर्ती मेला लगता है। भाजपा पहले आरोप लगाती है,फिर ईड़ी और सीबीआई को भेजती है।

## कार्टून कोना

नीतीश ने मंच पर पीएम मोदी से कहा-अब इधर-उधर नहीं जाएंगे




## आज का इतिहास

1817 : साइमन बोलिवार ने वेनेजुएला में सरकार का गठन किया। 1824: रूसी उपन्यासकार फियोदोर दोस्तोवस्की का जन्म। 1841 : टावर ऑफ लंदन में आग लगी। 1883 : स्वामी दयानंद सरस्वती का निधन। 1909 : प्रसिद्ध वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा का जन्म। 1905 : रूस के निकोलस द्वितीय ने संसद को और अधिक अधिकार दिए। 1918 : चेकोस्लोवाकिया स्वतंत्र गणराज्य बना। 1922 : बेनिटो मुसोलिनी इटली के प्रधानमंत्री बने। 1930 : यूनान और तुर्की के बीच मैत्री संधि हुई। 1944 : स्वीडन ने द्वितीय विश्व युद्ध में तटस्थ रहने का ऐलान किया। 1945: भारत का राष्ट्रसंघ का सदस्य बना। 1963 : अल्जीरिया और मोरक्कों के बीच शांति संधि हुई। 1995 : कनाडा के क्यूबेक प्रांत के लोगों ने जनमत संग्रह में कनाडा के साथ बने रहने का समर्थन किया था।

## दैनिक पंचांग

05 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.49 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मेष | 08.20 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 10.00 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.58 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 14.12 बजे से |
| शुक्र | मकर में | सिंह | 16.28 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.40 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.50 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.05 ब.से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | धनु | 01.21 बजे से |
| | | मकर | 03.26 बजे से |
| | | कुंभ | 05.13 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 65 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 08.04 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 16.00 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्धि(असृक) 14.08 बजे को समाप्त। **करण** गर 08.04 बजे तदनन्तर वणिज 19.24 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 57'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871909
**जूलियन दिन** 2460374.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445 **महीना** सावान
**तारीख** 23
**विशेष** जानकी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ-** **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore



# इन 4 वेस्ट मटेरियल से सजाएं अपना आशियाना

हम सभी अक्सर अपने घर को सजाने के लिए महंगे-महंगे डेकोरेशन आइटम खरीद कर लाते हैं। इन डेकोरेशन आइटम से अपने घर को नया लुक देते हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आप बिना पैसे खर्च किए अपने घर को सुदंर और आकर्षण का केंद्र बना सकती हैं। इसे लेख में आज हम आपको घर में मौजूद वेस्ट मटेरियल से यूजफुल और डेकोरेटिव सामान बनाने के बारे में बताने जा रहे हैं। चलिए जानते डेकोरेशन आइटम बनाने का आसान तरीका।

## प्लास्टिक और कांच की बोतल से बनाएं ये सामान

हम सभी के घर पर कांच और प्लास्टिक की बोतल आराम से मिल जाती है। कई बार अधिक मात्रा में बोतल के इकट्ठा हो जाने के कारण इन्हें बेंच या फेंक देते हैं। आपको बता दें कि आप इन बोतल का इस्तेमाल कर घर को सजा सकती हैं। बोतल की मदद से आप फ्लावर पॉट, डेकोरेटिव ऑर्गानाइडजर, आर्टिफिशियल फ्लावर, झालर इत्यादि बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए आपको कैंची, ग्लू, कलरफुल पेपर, स्टेप्लर पिन की जरूरत पड़ेगी। शोपीस डेकोरेशन पॉट बनाने के लिए आप बोतल के ऊपर के हिस्से को काटकर अलग कर दें। इसके बाद बोतल के ऊपर कलरफुल पेपर को चिपका दें। अब आप इसके ऊपर अपने हिसाब से सजा सकती हैं।

## अखबार की मदद से सजाएं घर

दो दिन पुराने अखबार को अक्सर हम सभी इधर-उधर रख देते हैं या फिर स्लेप पर बिछाने के रूप में इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन आपको बता दें कि आप इसका इस्तेमाल कर घर को सजा सकती हैं। पेपर की मदद से घर को सजाने के लिए झालर बना सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले पेपर को त्रिभुज आकार में फोल्ड कर लें। इसके बाद इसे त्रिभुजाकार में तीन से चार बार घुमाते हुए फोल्ड करें। अब कैंची की मदद से इसे गोल आकार में काटें। ध्यान रखें कि इसे काटते वक्त इसके आखिरी छोर को कागज से अलग न करें। काटने के बाद पेपर खोले। आप देखेंगे कि पेपर गोल झालर की तरह बनकर तैयार हो चुका है।

## टायर की मदद से सजाएं वॉल

घर पर रखें टायर की मदद से आप कई सामान बना सकते हैं। पुराने टायर की मदद से आप वॉल डेकोरेशन आइटम, कॉफी टेबल इत्यादि बना सकती हैं। दीवारों को सजाने के लिए सबसे पहले आप टायर को धुलकर अच्छी तरह से सुखा लें। इसके बाद टायर को मनपसंद पेंट से कलर करें। पेंट करने के बाद इसे सुखने के लिए कुछ देर के लिए छोड़ दें। सूखने के बाद रूई को डिफरेंट कलर के पेंट में भिगोने के बाद इससे टायर पर धब्बा बनाएं। इस तरह से आप अपने घर को सजाने के लिए वॉल डेकोरेशन आइटम तैयार कर लेंगे।



# शिव-पार्वती से सीखें वैवाहिक जीवन के कर्तव्य

## घर में बनी रह सकती है शांति

**हिंदू पंचांग के अनुसार, प्रतिवर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर महाशिवरात्रि को धूमधाम से मनाया जाता है। महाशिवरात्रि के मौके पर हर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, इसी दिन शिव जी और माता पार्वती का विवाह हुआ था। यही कारण है कि इस दिन व्रत रख शिव परिवार की विधिवत रूप से पूजा की जाती है।**

वैवाहिक जीवन में खुशहाली के लिए इस दिन गौरी-शंकर की पूजा की जाती है। अगर भोलेनाथ और माता पार्वती के दाम्पत्य जीवन के सूत्रों को असल वैवाहिक जीवन में अपनाएंगे तो उनके जीवन में भी खुशहाली बरकरार रह सकती है। तो चलिए महाशिवरात्रि के अवसर पर माता गौरी और भोले भंडारी के उन आदर्श गुणों के बारे में जानते हैं।

### प्रेम को अहमियत

माता पार्वती एक बेहद खूबसूरत कोमल सी राजकुमारी थी। वहीं, भोले भंडारी गले में सर्प का माला और शरीर पर भस्म धारण करने वाले एक वैरागी थे। पर, फिर भी माता पार्वती ने शंकर भगवान को ही अपना जीवनसाथी चुना था। उनके लिए पैसा या रंग रूप मायने नहीं रखता था, बल्कि माता पार्वती ने प्रेम को अहमियत दी।

### जिम्मेदारी

वैवाहिक जीवन में परिवार की जिम्मेदारी उठाने का काम दोनों लोगों का होता है। एक अगर ज्यादा व्यस्त है, तो दूसरे को सब कुछ संभालना होता है। इसके लिए आप भगवान शिव और माता पार्वती से शिक्षा ले सकती हैं। जिस तरह भोले बाबा अपनी तपस्या में लीन रहते हैं और माता पार्वती उनकी अनुपस्थिति में पुत्र, परिवार और सभी देवी-देवताओं का देखभाल करती थीं। हर जोड़ों को एक-दूसरे के साथ ऐसे ही मिलकर जिम्मेदारियां निभानी चाहिए।

### अर्धनारीश्वर

भगवान शिव को अर्धनारीश्वर भी कहा जाता है। इसका अर्थ है- आधा स्त्री और आधा पुरुष। दरअसल, सुखी वैवाहिक जीवन का मूल मंत्र भी यही है कि भले ही पति और पत्नी के दो अलग-अलग शरीर हैं। पर, वह वास्तव में एक ही होते हैं। पति हो या पत्नी को सभी समान अधिकार पाने के पात्र होते हैं।

### जीवन में धैर्य

माता पार्वती को भगवान शिव ऐसे ही नहीं मिल गए थे। उन्होंने शंकर भगवान को पति के रूप में पाने के लिए कठिन तपस्या की थी। पार्वती जी में धैर्य था, जिसके कारण उन्हें पति के रूप में शिव में मिले। असल वैवाहिक जिंदगी में भी धैर्य बेहद काम आता है। इंसान बड़ी से बड़ी चुनौतियों को यूं पार कर लेता है।

# बिना प्रेस कपड़ों से हटाएं सिलवटें

आपका अचानक किसी जरूरी मीटिंग या पार्टी में जाने का प्लान बने और जैसे ही आप वहां पहनने के लिए अलमारी से कपड़े निकालें कि लाइट चली जाए या प्रेस खराब हो जाए, ऐसा अक्सर कई लोगों के साथ हुआ होगा। ऐसी स्थिति में मन में पहला ख्याल यही आता है, काश! कोई ऐसा तरीका होता जिससे बिना प्रेस किए कपड़ों की सिलवटें अपने आप दूर हो जाती। अगर आपने भी कभी ऐसी ही कोई विश की है तो आपकी विश को पूरा करते हुए आपको बताते हैं वो असरदार तरीके, जिनकी मदद से आप कपड़ों की सिलवटों को बिना प्रेस किए भी आसानी से हटा सकते हैं।

टॉवल- टॉवल की मदद से कपड़ों की सिलवटें दूर कर सकती हैं। इसके लिए सिलवट वाले कपड़े को बिछा दें और फिर गीले टॉवल से कपड़े की सिलवट वाली जगह को दबाएं। ऐसा करने से कपड़े की सिलवटें दूर हो जाएंगी।

भारी सामान -जिस कपड़े पर सिलवट हैं उसे मैट्रेस या किसी भारी सामान के नीचे कुछ घंटों के लिए दबाकर रख दें। इससे आपके कपड़ों की सिलवटें निकल जाएंगी।

**स्प्रे बोतल**-पानी में सिरका मिलाकर उसे एक स्प्रे बोतल में डालकर सिलवट वाली जगह डालें। ऐसे में कपड़े के सूखने के बाद सिलवटें नजर नहीं आएंगी।

**भारी बर्तन** - छोटे भारी बर्तनों की मदद से भी आप अपने कपड़ों की सिलवटों को दूर कर सकते हैं। इसके लिए एक भारी तले के बर्तन को तेज आंच पर गर्म करके प्रेस की तरह कपड़ों की सिलवटों को दूर करें। बर्तन की तली साफ रखें वरना कपड़े दाग लगने से गंदे हो सकते हैं।

**ब्लो ड्रायर**- ब्लो ड्रायर की मदद से भी सिलवटों को दूर किया जा सकता है। कपड़ों की सिलवटें दूर करने के लिए सबसे पहले आपको जिस कपड़े की सिलवट दूर करनी है, उसे बिछा लें और इस पर हल्के हाथ से पानी की कुछ बूंदें डालकर ब्लो ड्रायर की मदद से सिलवटें दूर करें।

**आइस क्यूब**- वॉशिंग मशीन के ड्रायर में 2- 4 आइस क्यूब के साथ अपने सिलवट वाले कपड़े भी डालकर ड्रायर चला दें। इसके बाद कपड़ों को ड्रायर से निकालकर कपड़ों को हल्के से झटक कर टांग दें। आपके कपड़ों की सिलवटें दूर हो जाएंगी।





# बच्चों पर सोशल मीडिया के फायदे और नुकसान

**सोशल मीडिया पर आजकल बच्चों की मौजूदगी और इंवॉल्वमेंट काफी बढ़ गई है। इसका बच्चों पर सकारात्मक और नकारात्मक असर पड़ता है। आजकल बड़े ही नहीं बल्कि बच्चे भी स्मार्टफोन के आदी हो चुके हैं। सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक एक्टिव हिस्सा बन गया है जिसे अब चाहते हुए भी हम इग्नोर नहीं कर सकते हैं। हालांकि, पैरेंट्स होने के नाते आपको यह पता होना चाहिए कि बच्चे के विकास पर सोशल मीडिया का क्या असर पड़ता है। आइए जानते हैं कि बच्चों पर सोशल मीडिया के फायदे और नुकसान क्या होते हैं।**

### बच्चों के लिए सोशल मीडिया के फायदे

सोशल मीडिया की मदद से आप घर बैठे दुनियाभर के लोगों से कनेक्ट कर सकते हैं। बच्चों पर सोशल मीडिया का पड़ने वाला प्रभाव कुछ इस प्रकार है :

- बच्चे अपने दूर के रिश्तेदारों और दूर हो चुके दोस्तों से भी कनेक्ट कर सकते हैं। सोशल मीडिया की मदद से कई मुद्दों पर बच्चों की बेहतर विचारधारा विकसित होती है।
- नेटवर्किंग स्किल्स बढ़ाने के लिए बच्चे नई चीजें सीखते हैं और एक दूसरे के आइडिया जानते हैं। जो बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं, उनके कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छे होते हैं और इससे बच्चों को मोटिवेट होने में मदद मिलती है।
- ये बच्चे अपनी बात और विचारों को आसानी से व्यक्त कर पाते हैं। सोशल मीडिया के जरिए बच्चों की टेक्नोलॉजी के बारे में टेक्निकल और प्रैक्टिकल नॉलेज भी बढ़ती है।

### सोशल मीडिया का बच्चे को नुकसान

बच्चों का मन बहुत नाजुक और चंचल होता है और सोशल मीडिया आसानी से उनकी सोच और व्यवहार को बदल सकता है। छोटी उम्र में बच्चे अच्छे और बुरे में फर्क नहीं कर पाते हैं और पैरेंट्स होने के नाते आपके लिए यह जानना जरूरी है कि सोशल मीडिया का बुरा प्रभाव भी होता है। बच्चों पर सोशल मीडिया के कुछ ऐसे नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं :

- सोशल मीडिया इतना बड़ा है कि बच्चा कहां, कब और कैसे क्या जानकारी ले, आप उसे कंट्रोल ही नहीं कर सकते हैं। ऐसी स्थितियां बच्चों को अश्लील, हानिकारक या ग्राफिक वेबसाइटों तक पहुंचा सकती हैं, जो उनकी सोचने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं।
- सोशल मीडिया वेबसाइट के बीच साइबर बुलिंग भी बहुत बढ़ गया है। साइबर बुलिंग का खतरनाक असर पड़सकता है। हर साल कई बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार होते हैं। ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा किशोर और युवा साइबर बुलिंग का शिकार होते हैं।
- सोशल मीडिया के कुछ फायदे हैं लेकिन इसकी अति नुकसानदायक भी होती है। सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा समय बिताने का नकारात्मक असर बच्चों पर पड़ता है और अक्सर बच्चों को सोशल मीडिया की लत लग जाती है। सोशल मीडिया की लत के कई लक्षण होते हैं और इसका असर बच्चे की सेहत पर भी पड़ सकता है।
- वर्ष 2020 में ब्रिटिश साइकोलॉजिकल सोसायटी के अध्ययन में पता चला कि पूरे दिन सोशल मीडिया पर पोस्ट लाइक करने, मैसेज का जवाब देने और दोस्तों से चैट करते रहना का असर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन की स्टडी में देखा गया है कि फेसबुक के इस्तेमाल से बच्चे अपनी जिंदगी से कम असंतुष्ट रहने लगे हैं।



# माता-पिता की इन आदतों की वजह से बच्चों का कॉन्फिडेंस लेवल होता है डाउन

**कहते हैं कि पैरेंटिंग का मतलब सिर्फ बच्चे को जन्म देकर उसे पालना ही नहीं बल्कि पैरेंटिंग से समाज के लिए एक जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। बच्चों की अच्छी परवरिश अच्छे समाज की नींव भी है। बचपन में आप बच्चों को जो भी सिखाते हैं, वे बातें उनके मन पर छप जाती है। बड़े होने पर उनकी पर्सनैलिटी के लिए बचपन के अनुभव और परवरिश भी जिम्मेदार होती हैं। आपने कुछ लोगों को देखा होगा कि उनमें प्रतिभा होने के बाद भी आत्मविश्वास की कमी होती है। इसके कई कारण हो सकते हैं लेकिन बचपन में कुछ बातें भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। ऐसे में हर माता-पिता को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए**

### बच्चों का मजाक न उड़ाएं

कोई भी बात कितनी बड़ी है या छोटी, यह नजरिए के साथ उम्र पर भी निर्भर करती है। जैसे, आपके लिए बेड से जम्प करके नीचे कूदना, फुटबॉल पर किक करना छोटी बात हो सकती हैं, लेकिन किसी बच्चे के लिए ये बातें बहुत मैटर करती हैं। आपको कभी भी बच्चे की छोटी से छोटी बातों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।

### बच्चों की तुलना करने से बचें

हर बच्चा प्यारा होता है। सभी की अलग आदतें होती हैं लेकिन बचपन में एक आदत कॉमन होती है, वे है दूसरे बच्चों को अच्छा बताने पर बच्चे इसे मन पर ले लेते हैं। ऐसे में सम्भावना रहती है कि बच्चे दूसरे बच्चों से चिढ़ने लगते हैं या खुद को कमतर समझने लगते हैं इसलिए बच्चों की तुलना करने से बचें।

### हर काम में कमी निकालना

बचपन में किसी भी काम को परफेक्टली करने से ज्यादा जरूरी है, बच्चों का कोई न कोई एक्टिविटी करते रहना। ऐसा करने से बच्चे की एनर्जी सही दिशा में लगती है। जैसे, अगर आपका बच्चा पेंटिंग करता है, तो उसकी पेंटिंग में कमियां निकालने की जगह उसकी अच्छी चीजों की तारीफ करें।

### दूसरों के सामने बच्चों की बुराई

कई माता-पिता दूसरे लोगों या आस-पड़ोस में अपने बच्चों की शिकायतें करते रहते हैं। कई बार माता-पिता मजाक की तरह या सिर्फ गपशप करने के इरादे से भी ऐसा करते हैं लेकिन बच्चे के मन में ये बातें घर कर जाती हैं और उनका आत्मविश्वास डगमगाने लगता है।

### बच्चों को छोटी-छोटी बातों पर पीटना

बचपन में हुई कोई भी गलती इतनी बड़ी नहीं होती, जिसपर बच्चों को पीटकर ही समझाया जाए। बच्चों को हर छोटी बातों पर मारने से वे खुद को सेफ फील नहीं करते। उन्हें हमेशा लगता है कि वे बहुत बुरे हैं और उनके मम्मी-पापा उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं करते। साथ ही उनके अंदर असुरक्षा की भावना इतनी बढ़ जाती है कि वे डरने लगते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 87 रुपये का शेयर 250 रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओवैस मेटल की शेयर बाजार में तगड़ी शुरुआत हुई है। ओवैस मेटल के शेयर 187 पर्सेंट से ज्यादा के फायदे के साथ 250 रुपये पर बाजार में लिस्ट हुए हैं। लिस्टिंग के साथ ही कंपनी के शेयरों ने निवेशकों को मालामाल कर दिया है, उनका पैसा दोगुना से ज्यादा बढ़ गया है। आईपीओ में कंपनी के शेयर 87 रुपये पर निवेशकों को अलॉट हुए थे। ओवैस मेटल का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 26 फरवरी 2024 को खुला था और यह 28 फरवरी तक ओपन रहा। जबरदस्त फायदे वाली लिस्टिंग के बाद ओवैस मेटल के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर 4 पर्सेंट की तेजी के साथ 262.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। ओवैस मेटल के शेयर 241 रुपये के लो लेवल तक भी पहुंचे हैं। कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के स्स्थ्य प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स 1 लॉट के लिए बोली लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 1600 शेयर थे। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को 139200 रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा है। ओवैस मेटल एंड मिनरल प्रोसेसिंग लिमिटेड की शुरुआत 2022 में हुई थी। कंपनी, मेटल्स और मिनरल्स के प्रॉडक्शन और प्रोसेसिंग के बिजनेस में है। ओवैस मेटल का आईपीओ टोटल 221.18 गुना सब्सक्राइब हुआ है। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 248.50 गुना सब्सक्राइब हुआ है। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स कैटेगरी में 329.36 गुना दांव लगा है। जबकि क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स का कोटा 92.06 गुना सब्सक्राइब हुआ है। कंपनी के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 42.69 करोड़ रुपये का था। आईपीओ से पहले कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 100 पर्सेंट थी, जो कि अब 73.01 पर्सेंट रह गई है।

### टाटा के शेयर ने 15 दिन में ही दिया 60 प्रतिशत का रिटर्न




**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप का स्टॉक टाटा इन्वेस्टमेंट पिछले 15 दिन से उड़ान भर रहा है। इस अवधि में इसने 60 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। आज स्टॉक में 5 फीसद का अपर सर्किट लगा है और यह 52 हफ्ते के हाई 8428.40 रुपये पर पहुंच गया है। आज टाटा इन्वेस्टमेंट के शेयर 8377 रुपये पर खुले और 401.15 रुपये उछलकर 8428.40 रुपये पर पहुंच गए। इसका 52 हफ्ते का लो 1730 रुपये है। इस लो से यह करीब 5 गुना उछल चुका है। पिछले पांच दिन में इसने 18 फीसद से अधिक का रिटर्न दे चुका है। जबकि, पिछले एक महीने में इसने 52 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। छह महीने में ही इसने 242 फीसद का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। अगर इस साल की बात करें तो इसने करीब दो महीने में अपने निवेशकों के पैसे को लगभग दोगुना कर दिया है। इस अवधि में इसने 97.91 फीसद की उछाल दर्ज की है। यानी हर शेयर पर 4169.70 रुपये का मुनाफा दिया है। अगर किसी ने एक साल पहले टाटा इन्वेस्टमेंट के शेयरों में एक लाख रुपये का इन्वेस्ट किया होगा तो उसका यह पैसा अब 4.15 लाख हो गया है। टाटा इन्वेस्टमेंट के शेयर पिछले 25 साल में 11498 पर्सेंट उछलकर 8428.40 रुपये पर पहुंच गया है। 6 जनवरी 1999 को यह स्टॉक 72.67 रुपये था।

# लहसुन हुआ सस्ता तो अब बढ़ गए प्याज के दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लहसुन के बढ़े दाम से लोगों को राहत मिलने के बीच अब प्याज महंगा हो गया है। शुक्रवार के अपेक्षा शनिवार को आजादपुर सब्जी मंडी में प्याज के थोक दाम में 2 से 3 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। व्यापारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में प्याज के दाम और बढ़ सकते हैं। जानकारी के मुताबिक विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक मार्च को एक अधिसूचना जारी की है। इसमें केंद्र सरकार ने नैशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से बांग्लादेश को 50 हजार टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। जिसके बाद शनिवार को सब्जी मंडी में अचानक प्याज के दाम बढ़ गए।

आजादपुर मंडी ओनियन ट्रेडर्स असोसिएशन के प्रधान श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि केंद्र सरकार ने बांग्लादेश के साथ दुबई में प्याज निर्यात करने का फैसला लिया है। जिसका असर शनिवार को ही सब्जी मंडी में देखने को मिल गया। शुक्रवार



को जो प्याज 16 से 24 रुपये प्रति किलो थोक दाम में बिक रहा था वही प्याज शनिवार को 17 से 27 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिका। श्रीकांत के अनुसार आने वाले दिनों में प्याज के दाम में और उछाल आने के संकेत मिल रहे हैं। श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि दिल्ली में हर रोज 70 से 80 गाड़ियां प्याज की आती हैं। लेकिन, सरकार द्वारा प्याज एक्सपोर्ट करने के फैसले से मंडी में प्याज के दाम में उछाल आने लगा है।

### एक्सपोर्ट का गणित

प्याज कारोबारियों के मुताबिक, दिसंबर 2023 से प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी गई थी। जिसके बाद से एक्सपोर्टर परेशान थे। लेकिन 1 मार्च को सरकार के द्वारा एक नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इसमें सरकार एनसीईएल के जरिए एफपीओ से निर्धारित दाम में खरीद करेगी। जिससे मार्केट में प्याज की डिमांड बढ़ जाएगी। हालांकि, इससे थोक कारोबारियों को दिक्कत होगी। क्योंकि कारोबारियों को भी महंगे दर पर प्याज खरीदना पड़ेगा। एक प्याज कारोबारी ने बताया कि प्याज के इस एक्सपोर्ट से कारोबारियों को कोई राहत नहीं मिलने वाली है। हालांकि, अगर सरकार कारोबारियों को खुद एक्सपोर्ट करने की अनुमति देती तो बड़ी राहत मिलती।

### भारत ने यूएई, बांग्लादेश को 64,400 टन प्याज एक्सपोर्ट की दी अनुमति, वाणिज्य मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

सरकार ने नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बांग्लादेश को 64,400 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दे दी है। वाणिज्य मंत्रालय ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है। बांग्लादेश को जहां 50,000 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है, वहीं यूएई को 14,400 टन प्याज का निर्यात किया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, ''एनसीईएल के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात को तिमाही 3,600 टन की सीमा के साथ 14,400 टन प्याज का निर्यात अधिसूचित किया गया है। डीजीएफटी वाणिज्य मंत्रालय की इकाई है जो आयात और निर्यात से संबंधित मानदंड को देखती है। बांग्लादेश को निर्यात के बारे में कहा गया है कि इसका तौर-तरीका एनसीईएल उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ विचार-विमर्श में तय करेगा। हालांकि, प्याज के निर्यात पर अभी प्रतिबंध है लेकिन सरकार कुछ मित्र देशों को एक निश्चित मात्रा में इसके निर्यात की अनुमति देती है। इस निर्यात की अनुमति सरकार द्वारा अन्य देशों से मिले अनुरोधों के आधार पर दी जाती है। पिछले साल आठ दिसंबर को सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के मकसद से इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इससे पहले केंद्र ने अक्टूबर, 2023 में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए खुदरा बाजार में 25 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बफर स्टॉक के प्याज की बिक्री बढ़ाने का फैसला किया था। कीमतों पर काबू पाने के लिए सरकार पहले भी कई कदम उठा चुकी है। सरकार ने 28 अक्टूबर को 31 दिसंबर, 2023 तक प्याज निर्यात पर 800 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगाया था। अगस्त में भारत ने प्याज पर 31 दिसंबर, 2023 तक 40 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया था।

# एफडी की ब्याज दरें उच्च स्तर पर पहुंचीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बढ़ती ब्याज दरों के कारण पहले से अधिक लोग सावधि बचत योजनाओं में इन्वेस्ट कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक, कुल बैंक जमाओं में ऐसे निवेश माध्यमों की हिस्सेदारी दिसंबर 2023 में बढ़कर 60.3 पर्सेंट हो गई है। यह आंकड़ा मार्च 2023 में 57.2 पर्सेंट था।



आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान कुल जमाओं में जो वृद्धि हुई, उसमें एफडी की हिस्सेदारी लगभग 97.6 पर्सेंट थी। इस दौरान चालू खाता और बचत खाता जमा की हिस्सेदारी में गिरावट हुई। केंद्रीय बैंक का कहना है कि सावधि जमाओं पर बढ़ता प्रतिफल बैंक जमाओं में संरचनात्मक बदलाव ला रहा है।

### अधिक ब्याज वाली श्रेणी में अधिक पैसा लगाया

आरबीआई के अनुसार, अधिक ब्याज दर वाली श्रेणी में धनराशि जमा की जा रही है। कुल सावधि जमाओं में सात पर्सेंट से अधिक ब्याज दर वाली एफडी की हिस्सेदारी दिसंबर 2023 में बढ़कर 61.4 पर्सेंट हो गई। यह आंकड़ा इससे एक तिमाही पहले 54.7 पर्सेंट और मार्च 2023 में 33.7 पर्सेंट था। देश में एफडी की लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि 2 करोड़ 42 लाख कुल एफडी में करीब 103 ट्रिलियन (करीब 103 लाख करोड़ रुपये) की रकम जमा है। यानी देश में प्रति एफडी औसतन 4.25 लाख रुपये का निवेश किया गया है। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। सर्वे में यह भी कहा गया है कि एफडी लोगों के लिए सबसे पसंदीदा निवेश का विकल्प है।

### एफडी की ब्याज दरें उच्च स्तर पर

इस समय एफडी की ब्याज दरें उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। बीते कई दिनों में बैंकों ने अलग-अलग समय अवधि वाली एफडी पर ब्याज दरें बढ़ा दी हैं और वे सात फीसदी या इससे अधिक का भी ब्याज दे रहे हैं। निवेश विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा वक्त में उपभोक्ताओं के लिए एफडी में निवेश का यह सबसे अच्छा मौका है।

### इसलिए बढ़ी हुई हैं ब्याज दरें

दरअसल, रिजर्व बैंक ने पांचवीं बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। रेपो रेट अभी 6.5 फीसदी के स्तर पर हैं। जब भी इसमें कोई बदलाव होता है तो उसका सीधा असर एफडी पर मिलने वाली ब्याज दरों पर पड़ता है। जब रेपो दर में कटौती होती है तो एफडी पर मिलने वाला ब्याज भी कम हो जाता है। बढ़ोतरी होने पर बैंक अपने पास नकदी को आकर्षित करने के लिए ब्याज बढ़ा देते हैं।

# मूडीज ने 2024 के लिए भारत की जीडीपी विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को 2023 के उम्मीद से मजबूत आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए 2024 कैलेंडर वर्ष के लिए भारत के विकास के अनुमान को पहले के अनुमानित 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया। कैलेंडर वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी में सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत का विस्तार हुआ, जिसके परिणामस्वरूप पूरे वर्ष 2023 की बात करें तो जीडीपी में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कहा कि सरकार की ओर से किए गए पूंजीगत खर्च और मजबूत विनिर्माण गतिविधि ने 2023 में मजबूत विकास परिणामों में सार्थक योगदान दिया है। इसके कारण जीडीपी के आंकड़ों में वृद्धि दिख रही है।




मूडीज ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों के कम होने के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था आराम से 6-7 प्रतिशत वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर्ज करने में सक्षम हो सकती है। मूडीज ने कहा, भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के बाद हमने अपने 2024 के विकास अनुमान को 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। मूडीज ने 2024 के लिए अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य में कहा, भारत पूर्वानुमानों के अनुसार के अनुसार जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाला देश बना रहेगा। 2025 के लिए, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.4 प्रतिशत अनुमानित है।

मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा, वस्तु एवं सेवा कर संग्रह में मजबूती, वाहनों की बिक्री में बढ़ोतरी, उपभोक्ताओं के रुझान और दोहरे अंक में ऋण वृद्धि से पता चलता है कि शहरी उपभोग मांग में लचीलापन बना हुआ है। मूडीज ने आपूर्ति पक्ष पर कहा कि विनिर्माण और सेवाओं के पीएमआई का विस्तार ठोस आर्थिक गति को बदल देता है।

# 2 दिन 9 गुना से अधिक का सब्सक्रिप्श

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुक्का प्रोटिन्स के आईपीओ पर दांव लगाने का आज आखिरी मौका है। कंपनी का आईपीओ रिटेल निवेशकों के लिए 29 फरवरी 2024 को ओपन हुआ था। वहीं, निवेशकों के पास 4 मार्च यानी आज तक दांव लगाने का मौका है। पहले 2 दिनों के दौरान निवेशकों ने आईपीओ को लेकर अच्छा रिस्पॉन्स दिखाया है। बता दें, ग्रे मार्केट में भी कंपनी का प्रदर्शन शानदार है। जोकि दमदार लिस्टिंग का संकेत दे रहा है। मुक्का प्रोटिन्स आईपीओ का प्राइस बैंड 26 रुपये से 28 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने 535 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिस वजह से निवेशकों को कम से कम 14,980 रुपये का दांव लगाना पड़ेगा।

ग्रे मार्केट में कंपनी का प्रदर्शन शानदार रहा है। आईपीओ का जीएमपी 25 रुपये है। यानी अगर लिस्टिंग तक ग्रे मार्केट का यही ट्रेंड बरकरार रहा तो कंपनी शेयर बाजार में 53 रुपये पर लिस्ट हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो निवेशकों को पहले दिन ही 89 प्रतिशत का फायदा हो सकता है। आईपीओ को पहले 2 दिनों में 9 गुना से अधिक का सब्सक्रिप्शन मिला है। ऐसे में आज भी निवेशकों की तरफ से बेहतर रुझान देखने को मिल सकता है। मुक्का प्रोटिन्स के आईपीओ का साइज 224 करोड़ रुपये का है। कंपनी आईपीओ के जरिए निवेशकों को 8 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगी।




बता दें, शेयरों का अलॉटमेंट 5 मार्च और लिस्टिंग 7 मार्च को हो सकती है। कंपनी बीएसई और एनएसई दोनों जगह लिस्ट होगी।

# बैंकों के कुल जमा में बढ़कर 60.3 प्रतिशत हिस्सेदारी, बढ़ती ब्याज दरों से लोग सावधि जमा में दिखा रहे रुचि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बढ़ती ब्याज दरों के कारण लोग सावधि बचत योजनाएं यानी टर्म डिपॉजिट में अब ज्यादा पैसा लगा रहे हैं। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, कुल बैंक जमा में इस साधन की हिस्सेदारी दिसंबर में 60.3 प्रतिशत हो गई है। मार्च में यह 57.2 प्रतिशत थी। अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान सावधि जमा का हिस्सा कुल जमा का लगभग 97.6 प्रतिशत।

आरबीआई के मुताबिक, चालू खाता और बचत खाता (कासा) जमा के शेयरों में गिरावट आई है। ग्राहक इस दौरान ज्यादा ब्याज वाले साधनों में निवेश कर रहे हैं। ऐसे साधनों पर सात फीसदी से अधिक ब्याज मिल रहा है। सात फीसदी से ज्यादा ब्याज वाले टर्म डिपॉजिट की हिस्सेदारी दिसंबर 2023 में कुल सावधि जमा का 61.4 प्रतिशत रही। एक तिमाही पहले यह हिस्सेदारी 54.7 प्रतिशत और मार्च में 33.7 प्रतिशत थी।




### 2.5 फीसदी बढ़ी थी रेपो दर

आरबीआई ने कोरोना के दौरान घटी ब्याज दरों को मई, 2022 से लेकर फरवरी, 2023 के दौरान 2.5 फीसदी बढ़ाकर 6.50 फीसदी कर दिया है। कुल जमा में वरिष्ठ नागरिकों का हिस्सा 20.1 फीसदी रहा है। बैंकों के जमा में महिला ग्राहकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अक्तूबर-दिसंबर के दौरान कासा, सावधि और कुल जमा में उनकी हिस्सेदारी क्रमशः 63.4 प्रतिशत, 36.1 प्रतिशत और 40.1 प्रतिशत थी। कुल जमा में महिलाओं की हिस्सेदारी दिसंबर, 2023 तिमाही में 20.6 फीसदी रही है जो एक साल पहले समान तिमाही में 20.2 फीसदी थी।

# अनंत अंबानी 15 करोड़ रुपये की घड़ी पहनते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी संपन्न हो गई है। एक से तीन मार्च तक गुजरात के जामनगर में आयोजित इस सेरेमनी में दुनियाभर की जानी-मानी हस्तियों को बुलाया गया था। इनमें फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म के सीईओ मार्क जकरबर्ग भी शामिल थे। वह अपनी पत्नी प्रिसिला चान के साथ इस कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस बीच इस सेरेमनी से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी धूम मचा रहा है। इनमें जकरबर्ग और उनकी पत्नी अनंत की कलाई पर बंधी घड़ी की तारीफ करती दिख रही हैं। इसके साथ ही करोड़ों रुपये की कीमत वाली इस घड़ी की चर्चा शुरू हो गई है। यह घड़ी स्विस ब्रांड रिचर्ड मिल की है। इस ब्रांड की घड़ियों की औसत कीमत दो मिलियन डॉलर यानी करीब 16.50 करोड़ रुपये है।





मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अनंत अंबानी ने इस सेरेमनी में जो घड़ी पहनी थी उसकी कीमत करीब 15 करोड़ रुपये है। इतनी कीमत में क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल मुंबई में तीन फ्लैट खरीद सकते थे। हाल में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक जायसवाल ने मुंबई में 5.4 करोड़ रुपये का एक अपार्टमेंट खरीदा है। इसके आरएम52-05 मैनुअल वाइंडिंग टूरबिलोन फैरेल विलियम्स 49.94 एमएम मॉडल की कीमत करीब 37.71 करोड़ रुपये है। दुनिया की कई जानी-मानी हस्तियों की कलाई में इस ब्रांड की घड़ियां हैं। इसमें अमेरिकन रैपर जे-जेड, मलेशिया की अभिनेत्री मिशेल यो, अमेरिकन रिकॉर्ड प्रॉड्यूसर फैरेल विलियम्स, अमेरिकन कॉमेडियन विन हार्ट, स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाडी राफेल नडाल और ब्रिटिश सिंगर और सॉन्ग राइटर एड शिरीन शामिल हैं।

### घड़ियों के हैं शौकीन

अनंत अंबानी के पास कई लग्जरी घड़ियां हैं। पिछले साल मुंबई के जियो पार्क में बने नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर की ओपनिंग सेरेमनी में अनंत अंबानी पटक फिलिप्पे ब्रांड की सुपर लग्जरी घड़ी पहनकर आए थे। उस घड़ी की कीमत 18 करोड़ रुपये है। पटक फिलिप्पे दुनिया की लग्जरी वॉच ब्रांड है। इसकी घड़ियों की कीमत करोड़ों में होती है। सिर्फ घड़ी ही नहीं अनंत अंबानी कार के भी शौकीन हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अनंत अंबानी के पास लग्जरी कारों का भी शानदार कलेक्शन है। अनंत के बेड़े में रॉल्स रॉयस फैंटम, बीएमडब्ल्यू आई8, एसयूवी मर्सिडीज बेंज जी63 एएमजी, लैंड रोवर रेंज रोवर वॉग, लग्जरी सेडान मर्सिडीज बेंज एस-क्लास जैसी लग्जरी गाड़ियां शामिल हैं।

# सोने-चांदी की कीमतों में हुआ बदलाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी सिस्टम पर 5 अप्रैल 2024 की डिलीवरी वाला सोना सोमवार सुबह 0.16 फीसदी या 102 रुपए की गिरावट के साथ 63,461 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखा। वहीं चांदी के वायदा भाव बात करें तो यह 72,038 रुपए पर ट्रेड करती दिखी।

एमसीएक्स पर 3 मई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी सोमवार सुबह 0.33 फीसदी या 240 रुपए की गिरावट के साथ 72,038 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखी। खबर लिखते समय यह 71,963 रुपए पर कारोबार कर रही थी। सोने के वैश्विक भाव सोमवार सुबह गिरावट के साथ ट्रेड करते दिखे। कॉमेक्स पर सोना 0.30 फीसदी या 6.30 डॉलर की गिरावट के साथ 2089.40 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोना हाजिर 0.10 फीसदी या 2.01 डॉलर की गिरावट के साथ 2080.91 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। सोने के साथ ही चांदी की वैश्विक कीमतों में भी गिरावट दर्ज की गई है। कॉमेक्स पर चांदी का भाव 0.45 फीसदी या 0.10 डॉलर की गिरावट के साथ 23.26 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, चांदी हाजिर 0.32 फीसदी या 0.07 डॉलर की गिरावट के साथ 23.05 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी।

# एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग को रेलवे ने दिया 447 करोड़ रुपये का काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग के शेयरों में आज 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी शेयरों में सोमवार को होने वाली इस उछाल के पीछे की वजह इंफ्रास्ट्र्क्चर प्रोजेक्ट्स हैं। कंपनी ने बताया है कि उन्हें साउथ सेंट्रल रेलवे की तरफ से 447 करोड़ रुपये का काम मिला है। कंपनी ने बताया है कि उन्हें साउथ रेलवे से मिले वर्क ऑर्डर में ट्रैक को डबल करना और सिंग्नल को सही करना शामिल है। बता दें, सोमवार को लगातार चौथा कारोबारी सत्र था जब कंपनी के शेयरों की कीमतों में उछाल देखने को मिली थी। इससे पहले कंपनी को 1 मार्च को ईस्ट रेलवे की तरफ से 772 करोड़ रुपये का काम मिला था। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में तब कहा था कि इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए उन्हें 36 महीने का समय मिला है। कंपनी को बिहार में 66.88 किलोमीटर के रेलवे ट्रैक को डबल करना है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में पिछले एक साल के दौरान 22 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, स्टॉक बीते 6 महीने के दौरान 0.64 प्रतिशत टूट गया है। वहीं, पोजीशनल निवेशकों को एक महीने में 2.57 प्रतिशत टूट गया है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि बीते 5 दिनों के दौरान कारोबारी सत्रों में उछाल देखने को मिली है। शेयर बाजार में कंपनी का 52 वीक हाई 1016.75 रुपये प्रति शेयर और 52 वीक लो लेवल 738.50 रुपये प्रति शेयर है।






इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# यशस्वी जायसवाल के निशाने पर 34 साल पुराना यह रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के 22 वर्षीय युवा ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले 4 मैचों में अपनी प्रतिभा के झंडे गाड़ चुके हैं। यशस्वी ने इन 4 टेस्ट मैचों में दो दोहरे शतक के साथ सबसे ज्यादा 655 रन बनाकर की टेस्ट रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं और अब कई रिकॉर्ड्स उनके निशान पर आखिरी टेस्ट मैच के दौरान होंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा और इसमें यशस्वी के पास 34 साल पुराना एक रिकॉर्ड तोड़ने का शानदार मौका होगा। यशस्वी जायसवाल के पास धर्मशाला टेस्ट मैच में 34 साल पुराना रिकॉर्ड बनाने का बेहतरीन मौका है। दरअसल भारत-इंग्लैंड के बीच एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम गूच के नाम पर दर्ज है।

**भारत-इंग्लैंड के बीच एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप 3 बल्लेबाज**

| | | |
|---|---|---|
| ग्राहम गूच | 752 रन | 1990 |
| विराट कोहली | 655 रन | 2016 |
| यशस्वी जायसवाल | 655 रन | 2024 |

विमेंस प्रीमियर लीग के इतिहास में पहली बार हुआ इस नियम का इस्तेमाल

# गुजरात जाएंट्स ने बीच मैच में बदला खिलाड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात जाएंट्स की ऑलराउंडर सयाली सतघरे महिला प्रीमियर लीग में पहली बार कन्कशन सब्स्टीट्यूट बनीं। 3 मार्च, रविवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच विमेंस प्रीमियर लीग 2024 मैच के दौरान सयाली ने दयालन हेमलता की जगह ली।

दिल्ली कैपिटल्स की पारी के 15वें ओवर के दौरान कैथरीन ब्राइस की गेंद पर डीप मिडविकेट पर कैच लेने का प्रयास करते समय हेमलता के माथे पर चोट लग गई।

हेमलता जेस जोनासेन का कैच पकड़ने में नाकाम रहीं। हेमलता ने ना केवल एक आसान सा कैच टपकाया बल्कि खुद को चोटिल भी कर लिया जिसके बाद फिजियो द्वारा उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया।

## सयाली सतघरे कौन हैं?

हेमलता चोटिल होने के बाद शेष मैच से बाहर हो गईं, 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान सयाली को उनके कन्कशन सब्स्टीट्यूट के रूप में मंजूरी दी गई।



संक्षिप्त समाचार

## सुनील गावस्कर ने जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के बीच जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर सवाल उठाए हैं। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में आराम दिया गया था। उनकी जगह आकाश दीप को डेब्यू का मौका मिला था। हालांकि इस टेस्ट में भारत को बुमराह की कमी नहीं खली और टीम इंडिया ने 5 विकेट से मुकाबला जीतकर सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल की। हालांकि गावस्कर का कहना है कि दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच 9 दिन का गैप था और तीसरे टेस्ट में बुमराह का 23 ओवर गेंदबाजी करना बिल्कुल थका देने



वाला नहीं था। बता दें, जसप्रीत बुमराह ने राजकोट टेस्ट की पहली पारी में 15 तो दूसरी इनिंग में 8 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्हें वर्कलोड मैनेज करने के लिए रांची में खेले गए चौथे टेस्ट से आराम दिया गया था। हालांकि, वह सीरीज के आखिरी टेस्ट के लिए टीम के साथ फिर से जुड़ गए हैं। सुनील गावस्कर ने जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर सवाल उठाते हुए मिड डे के कॉलम में लिखा, राजकोट में तीसरे टेस्ट की पहली पारी में सिर्फ 15 ओवर और फिर दूसरी पारी में आठ ओवर फेंकने के बावजूद, संभवतः ट्रेनर की सिफारिश पर बुमराह को रांची के लिए आराम दिया गया था।

## सहवाग की टीम को हरा रैना की यूपी बनी चैंपियन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पवन नेगी की शानदार शतकीय पारी की मदद से वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग के पहले संस्करण के फाइनल में मुंबई चैंपियंस को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट के हीरो नेगी ने 55 गेंद पर 105 रन बनाए। परविंदर सिंह ने 34 गेंदों में 51 रन बनाए। इन दोनों की पारी के बदौलत सुरेश रैना की अगुआई वाली वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने फाइनल में वीरेंद्र सहवाग की अगुआई वाली




मुंबई चैंपियंस को छह विकेट से हराकर आईवीपीएल का खिताब अपने नाम किया। हालांकि, सहवाग यह मैच नहीं खेले। इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी फिल मस्टर्ड ने मुंबई की कमान संभाली। आखिरी तीन ओवर में वीवीआईपी उत्तर प्रदेश को 27 रनों की जरूरत थी और नेगी और पुनीत बिष्ट क्रीज पर थे। दोनों ने चार गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। नेगी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई चैंपियंस की पारी में 5 ओवर का खेल हुआ था उसके बाद आ गई। इसके कारण मैच कुछ देर के लिए रुका। एक घंटे के बाद खेल दोबारा शुरू हुआ और ओवर्स में कटौती नहीं हुई। बारिश के बाद भी दर्शक स्टेडियम में डटे रहे और मैच खत्म होने के बाद ही गए।



# 5वां टेस्ट खेलेंगे जसप्रीत बुमराह

धर्मशाला में 3 पेसर उतार सकता है भारत; पाटीदार या पड्डीकल में कोई एक ही खेलेगा

**धर्मशाला।** इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट में टीम इंडिया प्लेइंग-11 में 2 बदलाव के साथ उतर सकती है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह स्क्वॉड का हिस्सा हैं, इसलिए उनका खेलना भी कन्फर्म ही है। दूसरी ओर आउट ऑफ फॉर्म रजत पाटीदार की जगह देवदत्त पड्डीकल डेब्यू कर सकते हैं। धर्मशाला के HPCA स्टेडियम में मुकाबला 7 मार्च से शुरू होगा। यहां स्पिन के मुकाबले पेस को ज्यादा मदद मिलती है, इसलिए टीम इंडिया 3 पेसर्स के साथ खेलने उतर सकती है। आगे जानते हैं 5वें टेस्ट के लिए भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11 क्या होगी।

धर्मशाला में 62त्न विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए

धर्मशाला के HPCA स्टेडियम में तेज गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिलती है। यहां अब तक हुए 20 इंटरनेशनल मैचों में 61.69त्न विकेट तेज गेंदबाजों को मिले। स्पिनर्स को 248 में से 95 विकेट ही मिले, यानी दोनों ही टीमें एक्स्ट्रा पेसर को मैदान में उतारने के बारे में सोच सकती है। टीम इंडिया के पास पेस बॉलिंग ऑप्शन में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और मुकेश कुमार हैं। आकाश और सिराज ने पिछला टेस्ट खेला था, वहीं बुमराह सीरीज के टॉप विकेट टेकर हैं। आकाश दीप ने अच्छा किया, इसलिए उन्हें बुमराह और सिराज के साथ मौका मिल सकता है।



## सीरीज में 3-1 से आगे भारत

टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट की सीरीज में 3-1 से आगे है। पहला मुकाबला इंग्लैंड ने 28 रन से जीता था। इसके बाद भारत ने दूसरा मैच 106 रन, तीसरा मैच 434 रन और चौथा टेस्ट 5 विकेट के अंतर से जीत लिया। पांचवां मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

## बाहर हो सकते हैं कुलदीप

तेज गेंदबाजों के लिए मददगार पिच को देखते हुए टीम इंडिया 3 पेसर्स को प्लेइंग-11 में मौका दे सकती है। लेकिन इसके लिए पिछले मैच की प्लेइंग-11 में शामिल 3 में से किसी एक स्पिनर को बाहर बैठना पड़ सकता है। रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव पिछला मैच खेले थे। अश्विन और जडेजा अपनी बॉलिंग से ही किसी भी वर्ल्ड क्लास टीम की प्लेइंग-11 में शामिल हो सकते हैं। इनकी बैटिंग भी बहुत शानदार है। दूसरी ओर कुलदीप ने पूरी सीरीज में इंग्लिश बैटर्स को परेशान किया। उनकी बैटिंग भी अच्छी रही, लेकिन अश्विन और जडेजा का अनुभव ज्यादा है इसलिए कुलदीप को ही बुमराह के लिए जगह खाली करनी पड़ सकती है। बुमराह ने सीरीज के 3 मैचों में 17 विकेट लिए हैं। इसके बावजूद अगर कुलदीप को प्लेइंग-11 में मौका मिला तो फिर आकाश दीप को बाहर बैठाया जाएगा। ऐसे में अगर पहले गेंदबाजी आई तो टीम इंडिया के लिए 3 स्पिनर्स को प्लेइंग-11 में रखना रिस्की ऑप्शन हो जाएगा।

## पड्डिकल का डेब्यू संभव


टीम इंडिया दूसरा बदलाव बल्लेबाजी में कर सकती है। दूसरे टेस्ट में डेब्यू करने वाले रजत पाटीदार को लगातार 3 मुकाबलों में खेलने का मौका मिला। लेकिन वह एक फिफ्टी भी नहीं लगा सके।

गर्लफ्रेंड ने किया बड़ा खुलासा, जानें

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो कब लेंगे संन्यास?

नई दिल्ली, एजेंसी। पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो जल्द संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। इसका खुलासा उनकी गर्लफ्रेंड जॉर्जिना रोड्रिग्ज ने किया। उन्होंने बताया कि एक-दो सालों में वह अपने करियर को समाप्त करने का फैसला ले सकते हैं। पिछले दो दशकों से रोनाल्डो एक ऐसा नाम बने हुए हैं जिसने फुटबॉल जगत को रोशन किया है। महान खिलाड़ी की गर्लफ्रेंड रोड्रिग्ज ने पेरिस फैशन वीक में रोनाल्डो के संन्यास पर बात की। उन्होंने कहा, क्रिस्टियानो एक और साल, फिर यह खत्म हो जाएगा। शायद दो साल, मुझे नहीं पता। हाल ही में दिग्गज पर बैन लगा था। उन्हें मेसी के नाम पर गलत इशारा करने का खामियाजा भुगतना पड़ा।

**गलत इशारे करने पर लगा बैन-** 25 फरवरी को अल नस्र और ल शबाब के बीच खेले गए मुकाबले में जैसे ही रोनाल्डो ने गोल किया दर्शकों ने मेसी-मेसी के नारे लगाने शुरु कर दिए। इस पर उन्होंने गलत इशारा किया जिसके बाद उनकी पूरी दुनिया में आलोचना हुई। विवाद बढ़ने के बाद अल नस्र ने पुर्तगाल के खिलाड़ी पर एक मैच का बैन लगाया।



इसके अलावा उन्हें करीब पांच हजार डॉलर का जुर्माना भरना पड़ा।

**बैन के बावजूद स्टेडियम पहुंचे फुटबॉलर-** अपने खेल के कारण चर्चा में रहने वाले रोनाल्डो का विवादों से पुराना नाता रहा है। बैन के बावजूद हाल ही में उन्हें एक फुटबॉल मैच के दौरान स्टैंड्स में देखा गया। अल नस्र और अल हजम के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान रोनाल्डो अपनी टीम को चियर करने के लिए स्टेडियम पहुंचे थे। फैंस उन्हें देखकर काफी खुश हुए। वहीं, दिग्गज खिलाड़ी इस दौरान काफी भावुक नजर आए।

## 2023 में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे रोनाल्डो

पांच बार के बैलन डीओर विजेता क्रिस्टियानो रोनाल्डो 2023 में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने अपने देश पुर्तगाल और क्लब अल नस्र के लिए कुल 54 गोल दागे। दुनिया का कोई भी खिलाड़ी पेशेवर फुटबॉल में इतने गोल नहीं कर सका। 38 वर्षीय रोनाल्डो ने बायर्न म्यूनिख और इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन (52 गोल), पीएसजी और फ्रांस के फारवर्ड किलियन एमबीप्पे (52 गोल), और मैनचेस्टर सिटी और नॉर्वे के स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड (50 गोल) को पछाड़कर साल में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

# स्टार ऑलराउंडर ने फिर खटखटाया

टीम इंडिया का दरवाजा, वर्ल्ड कप से पहले ठोका शतक

## टेंशन में होंगे हार्दिक पंड्या

**मुंबई, एजेंसी।** पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेलने वाले शार्दुल ठाकुर ने एकबार फिर सिलेक्टर्स का ध्यान खींचा है। आईपीएल से ठीक पहले और टी-20 वर्ल्ड कप के नजदीक शार्दुल ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में जुझारू शतक जड़ दिया। हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे के नाम की चर्चा के बीच शार्दुल की ये पारी उनके इंटरनेशनल करियर के लिए ऑक्सीजन का काम करेगी। रेड बॉल क्रिकेट बनाम आईपीएल की बहस के बीच विपरित हालातों में शार्दुल ठाकुर ने 105 गेंद में 109 रन बनाए, जिसमें तीन चौथाई से ज्यादा रन बाउंड्रीज से आए। दाएं हाथ के इस फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर ने 13 चौके और चार छक्के जड़े।

## शार्दुल के शतक से उबरी मुंबई

रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल के दूसरे दिन मुंबई की टीम होमग्राउंड पर ही लड़खड़ा गई थी। तमिलनाडु को 146 रन पर आउट करने के बाद मुंबई का स्कोर भी एक समय सात विकेट पर 106 रन हो गया था। ऐसे मौके पर भारतीय क्रिकेट टीम के लिए कुछ यादगार प्रदर्शन कर चुके शार्दुल ठाकुर ने क्रीज पर एंट्री की और 109 रन की शतकीय पारी खेलकर टीम को उबारा। उनको साथ मिला नंबर-10 बल्लेबाज तनुष कोटियान का जो दूसरे दिन स्टंप्स तक 74* रन बनाकर क्रीज पर जमे हुए थे। तनुष को नंबर-11 बल्लेबाज तुषार देशपांडे (17*) का भी साथ मिला। दोनों 10वें विकेट के लिए नाबाद 63* रन जोड़ चुके हैं। इससे पहले तमिलनाडु के कप्तान आर साई किशोर ने छह विकेट लेकर मुंबई को बैकफुट पर धकेल दिया था। स्टंप्स तक मुंबई ने नौ विकेट गंवाकर 353 रन बना लिए थे और उसे पहली पारी के आधार पर 207* रन की बढ़त मिल चुकी थी।



विदेशी महिला के साथ

# गैंगरेप मामले में सामने आई ऋचा की प्रतिक्रिया

लीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने झारखंड के दुमका में एक विदेशी महिला से गैंगरेप की कथित घटना का खुलासा हुआ है। सात ग्रामीणों द्वारा स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। ऋचा ने इस घटना को शर्मनाक बताया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा करते हुए इस घटना पर चिंता व्यक्त किया है। ऋचा चड्ढा ने अपनी इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा कर इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा, शर्मनाक, विदेशियों के साथ भारतीय वैसे ही व्यवहार कर रहे हैं, जैसे वे अपनी महिलाओं के साथ करते हैं। हमारे ऐसे समाज पर शर्म आती है। ऋचा चड्ढा के अलावा अभिनेता और गायक दुलकर सलमान ने भी इस शर्मनाक घटना पर फ्रतिक्रिया दी है। दुलकर सलमान ने कहा, इस घटना के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं। आप दोनों हाल ही में कोट्टायम गए थे, जहां पर करीबी दोस्तों ने आपको भोजन पर बुलाया था। ऐसा कहीं भी किसी के साथ नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि शुक्रवार को एक महिला पर्यटक स्पेन से आई है। यह घटना शुक्रवार रात को रांची से 300 किमी दूर हंसडीहा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के कुरुमाहत में हुई। महिला पर्यटक अपने साथी के साथ यहां एक टेंट में रुकी थी। इस दौरान सात ग्रामीणों ने जोड़े को पीटा और उनका सामान लूट लिया, साथ ही महिला का यौन उत्पीड़न किया। जारमुंडी संभाग के पुलिस अफसर ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात को ही हुई है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।





# स्टेज पर एक साथ नजर आए सलमान, शाहरुख और आमिर

अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की शादी से पहले के आयोजनों में दूसरे दिन अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान ने अपनी प्रस्तुति दी। तीनों खान इस मौके पर फिल्म 'आरआरआर' के ऑस्कर विजेता तेलुगू गीत 'नाटू नाटू' की धुन पर थिरके। रविवार की सुबह भारतीय फिल्मी सितारों की टोली सज-धजकर शादी से पहले का जश्न मनाने के लिए जामनगर शहर के पास रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की पेट्रोलियम रिफाइनरी के पास स्थित एक आवासीय टाउनशिप में मंच पर उतरी।

इस दौरान तीनों ने 'नाटू नाटू' के मशहूर हुक स्टेप पर थिरकने की कोशिश की, लेकिन जब सबकुछ योजना के अनुसार होता नहीं दिखा तो सलमान ने अपनी फिल्म 'मुझसे शादी करोगी' के मशहूर गीत 'जीने के हैं चार दिन' पर 'टॉवेल डांस' किया तथा आमिर और शाहरुख ने भी उनकी नकल करने की कोशिश की। इसके बाद आमिर ने अपने मशहूर गीतों 'मस्ती की पाठशाला' (रंग दे बसंती) और 'छैया छैया' (दिल से) पर डांस किया और तीनों अभिनेता इनमें शामिल रहे। इसके बाद तीनों ने 'नाटू नाटू' के हिंदी संस्करण 'नाचो नाचो' पर भी प्रस्तुति दी।



# जब चलती ट्रेन से गिर गई थीं अंकिता लोखंडे, एक्ट्रेस ने बताया कैसे बची थी जान

'पवित्र रिश्ता' से मशहूर हुई अंकिता लोखंडे बीते कुछ महीनों से 'बिग बॉस 17' में दिखी उनकी पर्नालिटी और विक्की जैन संग उनके रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। अंकिता ने इंडस्ट्री में अपना नाम बनाने के लिए खूब स्ट्रगल किया है। करियर की शुरुआत में अंकिता मुंबई की लोकल ट्रेन से ट्रैवल किया करती थीं और इस दौरान उनके साथ कुछ ऐसा हुआ था, जिससे उनकी जान बाल-बाल बची। हाल ही में दिए इंटरव्यू में अंकिता ने बताया कि उन्होंने मुंबई लोकल में सफर करना बहुत जल्द ही बंद कर दिया था, क्योंकि वह एक बार चलती ट्रेन से गिर गई थीं।

अंकिता ने कहा,मुझे ट्रेन से बहुत डर लगता है। एक बार मैं लोकल ट्रेन से गिर गई थी। अंकिता ने बताया कि एक बार वह चर्चगेट से चलती ट्रेन पकड़ रही थीं और इस दौरान उनके साथ हादसा हो गया। अंकिता ने बताया कि चर्चगेट रेलवे स्टेशन पर थी एक तेजी से जा रही ट्रेन में चढ़ रही थीं जबकि उसके दोस्त स्लो ट्रेन में चढ़ गए थे। उनके दोस्तों ने ट्रेन से उतरने के लिए कहा और वह उससे कूद गईं। अंकिता ने कहा,÷जैसे ही मैं कूदी मैं गिर गई। मैं किसी तरह बच गई। वो मेरी ट्रेन की आखिरी जर्नी थी। वैसे भी मैं बचपन से ही ट्रेन से डरती हूम। अंकिता लोखंडे मध्यप्रदेश के इंदौर की रहने वाली हैं और पिछले 20 साल से मुंबई में रह रही हैं। पहले वह अपने माता पिता के साथ रहती थीं और अब वो अपने पति विक्की जैन के साथ एक आलीशान घर में रहती हैं।

अंकिता लोखंडे अपने पहले टीवी शो 'पवित्र रिश्ता' के कारण हिंदी टेलीविजन इंडस्ट्री का एक लोकप्रिय नाम रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपना कास्टिंग काउच वाला अनुभव भी साझा किया था। उन्होंने कंगना रनौत की 2019 की फिल्म 'मणिकर्णिका' और 'बागी 3' में काम किया है। उनकी तीसरी बॉलीवुड फिल्म, 'स्वतंत्र वीर सावरकर' है, जिसमें वह रणदीप हुडा के साथ नजर आएंगी। ये फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# पैसा, प्रसिद्धि नहीं बल्कि बच्चों में है सच्ची खुशी: अर्जुन रामपाल

हाल ही में एक्शन थ्रिलर फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा में नजर आने वाले बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल ने कहा कि पिता बनना भगवान का आशीर्वाद है। सच्ची खुशी पैसे या प्रसिद्धि में नहीं, बल्कि आपके बच्चों में है। अर्जुन की पहली पत्नी मेहर जेसिया से दो बेटियां महिका और मायरा रामपाल हैं। एक्टर अपने तलाक के बाद से गैब्रिएला के साथ रिलेशनशिप में हैं। वह 2019 में एक बेटे (अरिक) के पिता बने। वहीं दंपति ने 2023 में अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया। पिता बनने के बाद उनके जीवन में क्या बदलाव आए, एक्टर ने इस पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि पिता बनना भगवान के आशीर्वाद की तरह है। मुझे लगता है कि मुझे कई बार आशीर्वाद मिला है और भगवान मुझ पर बहुत दयालु रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि असली और सच्ची खुशी आपके बच्चों में है। अर्जुन ने अपने करियर की शुरुआत एक मॉडल के तौर पर की थी। उन्होंने प्यार इश्क और मोहब्बत से अभिनय की शुरुआत की जिसके बाद उन्हें दिल का रिश्ता, डी-डे, चक्रव्यूह, इंकार, आंखें, राजनीति और रॉक ऑन, जैसी फिल्मों में देखा गया। जिसके लिए उन्हें 2008 में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया। 51 वर्षीय एक्टर के इंस्टाग्राम पर दो मिलियन फॉलोअर्स हैं। वह अपने अच्छे लुक के कारण लोगों का काफी ध्यान आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं महिलाओं का बहुत सम्मान करता हूं। वह लास्ट में गैब्रिएला की तारीफ करते नजर आते हैं।



# कानपुर के वैभव गुप्ता ने जीता इंडियन आइडल 14



## सोनू निगम के साथ गाया जोरू का गुलाम

कानपुर का तराना वैभव गुप्ता ने सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल 14 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। उन्हें ट्रॉफी के साथ 25 लाख रुपये का चेक और एक हॉट एंड टेकी ब्रेज़ा कार मिली।

वैभव छह फाइनलिस्टों में से एक थे, जिनमें शुभदीप दास चौधरी, अनन्या पाल, आद्या मिश्रा, पीयूष पंवार और अंजना पद्मनाभन शामिल थे। शुभदीप और पीयूष को प्रथम और द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया। वे एक ट्रॉफी और 5 लाख रुपये का चेक लेकर घर गए। अनन्या तीसरी रनर-अप रहीं, उन्हें ट्रॉफी के अलावा 3 लाख रुपये का इनाम मिला।शो के पहले दो और नौवें संस्करण को जज करने वाले सोनू निगम ग्रैंड फिनाले के विशेष जज थे। रियलिटी शो सुपरस्टार सिंगर के आगामी सीजन में सुपर जज के रूप में नजर आने वाली नेहा कक्कड़ भी फिनाले एपिसोड में शामिल हुईं।ऽ

यारेलाल सिम्फनी चैलेंज के लिए वैभव ने 1991 के एक्शन क्राइम ड्रामा हम से जुम्मा चुम्मा गाया, जिसमें अमिताभ बच्चन, रजनीकांत, गोविंदा, किमी काटकर और अनुपम खेर ने अभिनय किया था।फिनाले के लिए वैभव का आखिरी गाना सोनू निगम के साथ जोरू का गुलाम गीत गाया।




रणदीप हुड्डा का फैंस को तोहफा

# स्वतंत्र वीर सावरकर के ट्रेलर रिलीज डेट का किया एलान

रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेता की फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर~ ए सिनेमैटिक ट्रिब्यूट टू इंडियाज अनसंग हीरो नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है। यह फिल्म 22 मार्च 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। राष्ट्रीय शहीद दिवस के खास मौके पर इस खुशखबरी की घोषणा की गई। अब फिल्म के ट्रेलर की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। रणदीप हुड्डा की आगामी निर्देशित पहली फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर, 22 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वीर सावरकर भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में एक अदम्य व्यक्ति रहे। फिल्म एक सम्मोहक यात्रा की शुरुआत करती है, जो एक दूरदर्शी और तेजतर्रार स्वतंत्र वीर सावरकर की पौराणिक लेकिन उपेक्षित कहानी को जीवंत करती है।

# जीवन की महत्वपूर्ण पारी की शुरूआत कर रही हैं अभिनेत्री वरलक्ष्मी

साउथ इंडियन सिनेमा की टॉप एक्ट्रेस में से एक वरलक्ष्मी सरथकुमार ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। अब वरलक्ष्मी जीवन की नई पारी शुरू करने को तैयार हैं। शनिवार (2 मार्च) को वरलक्ष्मी ने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में दोस्त निकोलाई सचदेव के साथ सगाई कर ली।



वरलक्ष्मी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर फैंस के साथ सगाई की तस्वीरें शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीरों में कपल परिवारों के साथ सगाई का जश्न मनाता दिख रहा है।

वरलक्ष्मी ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, सगाई...हंसी-मजाक और हमेशा खुश रहने का वादा। वरलक्ष्मी रेशम की साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं, जबकि निकोलाई ने सफेद कुर्ता पहना था। वरलक्ष्मी की मां राधिका सरथकुमार ने भी एक्स पर सगाई की तस्वीरों को शेयर किया। उन्होंने लिखा, वरलक्ष्मी और निकलोई को ढेर सारी खुशियां मिले। उन्होंने परिवार और दोस्तों के बीच मुंबई में सगाई की है। उन्हें आशीर्वाद मिले।

हम सभी उनके लिए बहुत खुश हैं। वरलक्ष्मी के वर्कफ्रंट पर नजर डालें तो वह इस साल रायन में नजर आएंगी। फिल्म के डायरेक्टर धनुष हैं, जो लीड एक्टर की भूमिका भी निभाएंगे। वरलक्ष्मी इस साल रिलीज हुई तेजा सज्जा स्टारर सुपरहिट फिल्म 'हनुमान' में दिखी थीं।

# एक्ट्रेस राशि खन्ना ने बॉलीवुड फिल्म योद्धा में काम करने अनुभव किया साझा

यंग पैन-इंडिया स्टार राशि खन्ना अपनी आगामी एक्शन फिल्म योद्धा से अपने फैंस को धमाकेदार एंटरटेनमेंट परोसने के लिए पूरी तैयार हैं। एक्ट्रेस ने सिद्धार्थ मल्होत्रा अभिनीत फिल्म के बारे में बात की और फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान उन्हें एक न्यूकमर की तरह कैसा महसूस हुआ पर खुलकर अपने विचार व्यक्त किये। इस बारे में बात करते हुए कि एक हिंदी फिल्म करने में उन्हें इतना समय क्यों लगा पर उन्होंने कहा कि वह एक ऐसी स्क्रिप्ट चाहती थीं जो अच्छी हो।



वर्सेटाइल पावरहाउस ने कहा, मैं सिर्फ एक अच्छी और सेंसिबल स्क्रिप्ट का इंतज़ार कर रहीं थी। मेरे लिए किरदार से प्यार करना ज़रूरी है। फ़िल्म करने के लिए एक अच्छा पैकेज होना चाहिए और यह फिल्म एक फुल पैकेज की तरह थी।

राशी ने योद्धा के बारे में कहा, मुझे लगता है कि यह एक पैसा वसूल फिल्म है। उन्होंने कहा कि फिल्म में थ्रिल, रोमांस और एज ऑफ द सीट वाला जायका है। राशी ने बताया कि जब ट्रेलर लॉन्च किया गया था, वह बहुत नर्वस थीं। क्योंकि वह श्योर नहीं थी कि हिंदी फिल्मों में उनका स्वागत कैसे किया जाएगा। उन्होंने बताया, फ़िल्म को लेकर बहुत ज़्यादा एक्साईटमेंट और नर्वसनेस थी। योद्धा में राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा मुख्य भूमिका में हैं, जिसमें दिशा पटानी भी अहम भूमिका निभा रहीं हैं। सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा द्वारा निर्देशित, योद्धा 15 मार्च, 2024 को थिएट्रिकल रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है।